# हरिभूमि रायपुर भूमि



पुजारी ने कहा-जहां श्रीराम वहां मुहूर्त ही मुहूर्त, जल्द स्थापना हो

ग्रामीणों ने कहा-प्रतिमा को सम्मानजनक तरीके से रखा जाए

## स्थापना की बाट जोह रहे श्रीराम, गोढ़ी गांव के खेत में प्रतिमा, शुभ मुहूर्त का इंतजार



ड्रोन फोटो- भूपेश जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माता कौशल्या धाम चंदखुरी में भगवान श्री राम की प्रतिमा शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रही है। प्रतिमा चंदखुरी पहुंच गई है। चंदखुरी से आगे गोढ़ी गांव के एक खेत में भगवान श्री राम की प्रतिमा को ढंक कर रखा गया है। चंदखुरी के ग्रामीणों का कहना है कि जब तक स्थापना नहीं होती, प्रतिमा को सम्मानजनक तरीके से रखा जाना चाहिए। वहीं पुजारी कहते हैं कि श्रीराम जहां हैं वहां मुहूर्त मायने नहीं रखना। स्थापना जल्द से जल्द होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि चंदखुरी माता कौशल्या का विश्व में इकलौता मंदिर धाम है, जो भगवान राम का ननिहाल है। रायपुर से लगभग 27 किमी दूर स्थित यह प्राचीन मंदिर जलसेन तालाब के बीचों-बीच स्थित है, वहां माता कौशल्या बाल राम को गोद में लिए विराजित हैं। चंदखुरी में स्थापित करने के लिए श्रीराम की विशाल और भव्य प्रतिमा लाई गई है। करीब दो महीने पहले ही प्रतिमा चंदखुरी पहुंच गई थी। चंदखुरी से आगे गोढ़ी गांव के एक खेत में रखा गया है। सुरक्षा के लिए प्रतिमा को ढंक कर रखा गया है। हालांकि आसपास के ग्रामीण इससे असंतुष्ट हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिमा को सम्मानजनक जगह पर रखा जाना चाहिए।

### जहां भगवान राम, वहां मुहूर्त ही मुहूर्त

भगवान राम जहां है वहां मुहूर्त ही मुहूर्त होते हैं। अगर बड़ी मूर्ति स्थापना करनी है, तो नियम के अनुसार करें। मूर्ति के वजन के हिसाब से दान होता है, विधि होती है। कोई भी अच्छा सा समय देखकर स्थापना कर देनी चाहिए।

-नरेंद्र चौबे,पुजारी
चिट्ठी वाले हनुमान मंदिर

## खबर संक्षेप

### पशु क्रूरता-अनाचार का आरोपी धरा गया



**रायपुर।** पशु क्रूरता एवं अनाचार के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुरानी बस्ती थाना में भाठागांव से शिकायत मिली थी कि एक व्यक्ति पशु के साथ क्रूरता और अनाचार कर रहा है। इस शिकायत के साथ पुलिस को वीडियो भी सौंपा गया था। इस वीडियो के फूटेज एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान होरी लाल सोनकर उर्फ गोगा निवासी सोनकर पारा के रूप में की। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### पिकनिक मनाने गए युवक पर चाकू से हमला, 5 गिरफ्तार



**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र अंतर्गत सात पाखर एनीकट काठाडीह में पिकनिक मनाने के दौरान चाकूबाजी की घटना सामने आई है। इमामबाड़ा निवासी मो. युनूस ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने सात पाखर एनीकट गया था। इसी दौरान आरोपी शेख फारुख, मो. रियाज, सैयद उस्मान, शेख साहिल एवं विशाल नायक ने दीपावली त्योहार के दौरान हुए विवाद को लेकर उसके साथ झगड़ा किया। इस दौरान आरोपियों में किसी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### नशीली ड्रिंक पिलाकर किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** नशीली ड्रिंक पिलाकर एक युवती के साथ रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी आशीष पात्रो निवासी शंकरनगर मूलतः टिकरापारा बिलासपुर का रहने वाला है।

# छह करोड़ की चौपाटी चौपट, ब्रिज के नीचे 60 दुकानें जाम, न सुविधाएं मिलीं, न अफसरों ने झांका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के जीई रोड पर साइंस कॉलेज खेल मैदान के सामने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा तैयार की गई 6 करोड़ की चौपाटी आखिरकार चौपट हो गई। 60 से अधिक स्मार्ट कियोस्क में 500 से 700 परिवारों की चलने वाली रोजी-रोटी एक झटके में उनसे छिन गई। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम के अफसरों रातों-रात आनन-फानन में जेसीबी लगाकर आमानाका ब्रिज के नीचे उजाड़ स्थान पर चौपाटी ये कहकर शिफ्ट करा दी कि नई जगह पर प्रभावित दुकानदारों को आवश्यक सुविधाएं दिलाएंगे, पर न अफसर दोबारा उस जगह झांकने गए और न ही नए चौपाटी स्थल पर दुकानदारों को मूलभूत सुविधाएं मिल पाईं। इसके चलते 60 स्मार्ट कियोस्क दोबारा नहीं खुल पाए। धूल और मिट्टी से सनी स्मार्ट गुमटियों को देखकर विश्वास नहीं होता कि यही वे गुमटियां हैं, जो साइंस कॉलेज के सामने मुख्य मार्ग पर गुलजार होने से शहर के कोने-कोने से लोग परिवार के साथ चौपाटी का आनंद उठाने बेफिक्री से आते थे। दरअसल पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में मेट्रो सिटीज की तर्ज पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जीई रोड के मुख्य मार्ग में सड़क किनारे 60 स्मार्ट गुमटियों वाली चौपाटी बनाई गई। इसके संचालन के लिए किए गए ऑनलाइन टेंडर में गुरु हरकिशन हॉटल रिसोर्ट एजेंसी को चौपाटी संचालन का ठेका मिला। इसके बाद एजेंसी ने एक-एक गुमटी 19500 रुपए महीने के किराये पर दी थी। 11 माह के एग्रीमेंट के बाद किराया बढ़ाकर 26 हजार रुपए कर दिया। साल 2023 में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश मूणत ने चौपाटी हटाने भाजपा पार्षद और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चौपाटी वाले स्थल पर तंबू लगाकर इसके विरोध में आंदोलन किया। उनका कहना था कि खेल विभाग की जमीन पर यूथ हब के नाम पर खोली गई चौपाटी अवैध है। एजुकेशन हब वाले स्थल के आसपास चौपाटी नहीं खोली जा सकती। उनका ये भी कहना था कि खेल विभाग की जिस जमीन पर रायपुर स्मार्ट सिटी ने चौपाटी विकसित की है, उसके लिए संबंधित विभाग से एनओसी नहीं ली गई।

जनवरी 2025 में नगरीय प्रशासन विभाग ने नालंदा-2 के लिए टेंडर किए जाने की जानकारी दी। इसके बाद 15 नवंबर को साइंस कालेज की चौपाटी को आनन-फानन में आमानाका ब्रिज के नीचे शिफ्टिंग करने की तारीख घोषित की गई। इससे दो साल से साइंस कालेज के सामने मुख्य मार्ग किनारे की चौपाटी में स्मार्ट कियोस्क चला रहे 60 दुकानदारों को झटका लगा। नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अफसरों ने रातों-रात जेसीबी मशीन लगाकर साइंस कालेज खेल मैदान के सामने गुलजार चौपाटी के 60 गुमटियों को आमानाका ब्रिज के नीचे शिफ्ट ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

### सैकड़ों परिवार की रोजी-रोटी एक झटके में छिन गई, 60 दुकानों के शटर दुबारा नहीं खुले

#### ब्रिज के धूल खा रहीं गुमटियां, सैकड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित

6 करोड़ खर्च कर बनाई गई साइंस कालेज की चौपाटी वाले स्थल से 60 स्मार्ट कियोस्क की ब्रिज के नीचे शिफ्टिंग से 60 गुमटियों के माध्यम से 500 से 700 परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई। जिस जगह पर गुमटियों की शिफ्टिंग कराई, वहां न पर्याप्त लाइट की व्यवस्था है, न ही आने-जाने के लिए पक्की सड़क। उजाड़ जगह पर दुकानदार गुमटी खोलने का हिम्मत नहीं जुटा पाए। प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि जीई रोड के प्राइम लोकेशन की वजह से लोग चौपाटी आना पसंद करते थे, यहां उजाड़ में कौन आएगा? न तो यहां सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए, न ही स्मार्ट सिटी के अधिकारी हमारी सुध लेने पहुंचे। युवा उद्यमी अभिषेक चंसोरिया ने बताया कि हमने अपने जैसे दूसरे युवाओं को रोजगार देने स्टार्टअप शुरू किया, शुरुआत मे काफी मेहनत की, जब चौपाटी चल निकली तो एकाएक इसे अवैध बताकर ऐसी जगह शिफ्ट कर दिया, जहां ग्राहकी की कोई उम्मीद ही नहीं। ठेका एजेंसी को भी इससे कोई मतलब नहीं, रायपुर स्मार्ट सिटी और नगर निगम के अधिकारी यहां झांकने तक नहीं आए। अपनी दुकान को सजाने मैंने 80 हजार रुपए खर्च कर स्टील की वेल्डिंग कराई, अब वो किसी काम की नहीं रही। दुकानदारों को हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा? यह आज तक समझ नहीं पाए।

### जून में खत्म हो रही ठेका एजेंसी की मियाद

#### दुकानदारों ने कहा- नगर निगम अपने आधिपत्य में ले



**जून तक ठेका, नगर निगम अपने आधिपत्य में ले चौपाटी**

सूत्रों के मुताबिक, रायपुर स्मार्ट सिटी से चौपाटी संचालन का ठेका लेने वाली एजेंसी का ठेका जून माह में समाप्त हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि एजेंसी का ठेका निरस्त कर नगर निगम इसे अपने आधिपत्य में ले। ठेका एजेंसी के पास प्रभावित दुकानदारों का 10 दिन का दुकान किराया एडवांस में जमा है, जिसे एजेंसी ने संबंधित दुकानदारों को वापस नहीं किया। गुमटियों में बिजली के लिए सब मीटर के रूप में प्रति दुकानदार ने 6 हजार रुपए की सुरक्षा राशि जमा कराई थी, वह राशि उन्हें वापस नहीं मिली है। इसके लिए चौपाटी के प्रभावित दुकानदार चौपाटी संचालक को फोन कर रहे हैं, पर उनका फोन रिसीव नहीं किया जा रहा है।

## शासकीय दुकानों में अवैध शराब की सप्लाई, तीन हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड कुम्हारी कंपनी के हैं तीनों वाहन

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर (ईओडब्ल्यू) ने शासकीय शराब दुकानों में अवैध रूप से शराब का परिवहन करने में संलिप्त तीन हाईवा वाहनों को जब्त किया है। ईओडब्ल्यू की जांच के अनुसार, ये तीनों हाईवा कुम्हारी दुर्ग की छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के हैं। प्रदेश में करोड़ों रुपए के उजागर हो चुके शराब घोटाले ▶▶|शेष पेज 13 पर



### डिजिटल एवं भौतिक साक्ष्य मिले थे

ईओडब्ल्यू की ओर से जारी की गई जानकारी के अनुसार शराब घोटाले में दर्ज अपराध की धारा 7, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 यथा संशोधित अधिनियम, 2018 तथा धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी भादवि के अंतर्गत पूर्व में वेलकम डिस्टलरी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### जांच जारी

ईओडब्ल्यू की जांच में यह तथ्य भी सामने आए हैं कि छत्तीसगढ़ डिस्टलरी दुर्ग में 3 वाहनों के अतिरिक्त अन्य कई वाहनों का अवैध शराब परिवहन में उपयोग किया गया है। इन गाड़ियों को या तो स्क्रैप करा दिया गया है, या फिर अन्य उपयोग में लाया जा रहा है। ईओडब्ल्यू इस मामले में अलग से जांच कर रही है।

## कैफे में बिना अनुमति देर रात तक पार्टी पुलिस ने दबिश देकर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शिकायत पर मारा छापा, डीजे की जब्ती बनाई , कोलाहाल अधिनियम के तहत की कार्रवाई

राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित एक कैफे में देर रात प्रशासन, नगर निगम और पुलिस से बिना अनुमति पार्टी चल रही थी। इस दौरान तेज आवाज में डीजे भी बजाया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलते ही तेलीबांधा पुलिस की टीम ने कैफे में छापा मारते हुए डीजे की जब्ती बनाई, वहीं कैफे संचालक के विरुद्ध कोलाहाल अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। तेलीबांधा थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार की रात करीब डेढ़ बजे वीआईपी रोड स्थित एक होटल के 'फर्जी कैफे' में पार्टी की जा रही थी। इस दौरान तेज आवाज में डीजे भी बजाया जा रहा था। डीजे की आवाज इतनी तीव्र थी कि इससे वीआईपी रोड से लगी कॉलोनियों में रहने वालों की नींद उड़ गई। इसकी शिकायत मिलते ही पुलिस की टीम ने इस कैफे में दबिश दी। इस दौरान पार्टी आयोजन तथा डीजे की अनुमति ली गई है या ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कैफे का लाइसेंस निरस्त होगा

पुलिस के अनुसार, कैफे में बिना अनुमति पार्टी का आयोजन कर डीजे बजाया जा रहा था। इस मामले में कैफे का लाइसेंस निरस्त करने की बात कही जा रही है।

## अभ्यर्थी हासिल कर सकेंगे शिक्षक पात्रता परीक्षा की ओएमआर और कैलकुलेशन शीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक मई तक निर्धारित प्रारूप में करने होंगे आवेदन, अधिसूचना जारी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सीटीईटी फरवरी 2026 परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के लिए ओएमआर शीट और कैलकुलेशन शीट प्राप्त करने की सुविधा शुरू कर दी है। उम्मीदवार अब निर्धारित शुल्क जमा कर अपनी ओएमआर प्रतिक्रिया और अंक गणना विवरण की कॉपी प्राप्त कर सकते हैं। बोर्ड के अनुसार, इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए उम्मीदवारों को एक मई तक आवेदन करना होगा। ओएमआर शीट और कैलकुलेशन शीट प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों को 500 रुपए का शुल्क देना होगा। यह भुगतान डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाएगा, जो सीबीएसई सचिव के नाम से दिल्ली में देय होगा।आवेदन स्पीड पोस्ट या व्यक्तिगत रूप से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन में उम्मीदवार का नाम, रोल नंबर और पूर्ण डाक पते का जिक्र करना होगा। अधूरी जानकारी वाले आवेदन सीधे खारिज कर दिए जाएंगे।

### उम्मीदवारों को ही दी जाएगी जानकारी

इसके अतिरिक्त सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले आरटीआई या किसी अन्य माध्यम से आवेदन किया था, उन्हें भी नई प्रक्रिया के तहत दोबारा आवेदन करना होगा। ओएमआर शीट और कैलकुलेशन शीट केवल संबंधित उम्मीदवार को ही भेजी जाएगी। किसी संस्था या थर्ड पार्टी को यह जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। थर्ड पार्टी द्वारा किए गए आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। इसके अलावा डेडलाइन के बाद भी कोई आवेदन स्वीकार नहीं होगा। सीबीएसई ने साफ किया है कि एक मई के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### माह के कुल वेतन का 50 प्रतिशत तक हिस्सा बतौर अग्रिम वेतन निकाल सकते हैं

## सरकारी कर्मचारियों को अब वेतन के बदले मिलेगा तुरंत कर्ज, निजी कंपनी देगी ये सेवा

*राज्य सरकार के मंत्रिपरिषद ने लिया था फैसला, मार्च से लागू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने राज्य के नियमित शासकीय सेवकों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा की है। मंत्रिपरिषद के आदेश के अनुपालन में प्रदेश में 'वेतन के विरुद्ध अल्पावधि ऋण सुविधा' को प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। मार्च 2026 से शुरू हुई इस योजना के तहत अब सरकारी कर्मचारी अपनी वित्तीय जरूरतों के लिए किसी भी समय अपने वेतन के आधार पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### डिजिटल और सुरक्षित प्रक्रिया

वित्त विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, यह ऋण सुविधा पूरी तरह डिजिटल, आरबीआई के नियमों के अनुरूप और सुरक्षित है। शासकीय सेवक इस सुविधा का लाभ दो तरीकों से उठा सकते हैं। पहले विकल्प के तहत कर्मचारी ई-कोष पोर्टल पर लॉग-इन कर एडवांस सेलरी का विकल्प चुन सकते हैं।



### स्वचालित होगी कटौती

इसके साथ ही भुगतान ऋण अदायगी की प्रक्रिया को बेहद सरल बनाया गया है। शासकीय सेवक द्वारा ऋण लेने के बाद, इसकी जानकारी स्वचालित रूप से ई-कोष सिस्टम में दर्ज हो जाएगी। कर्मचारी के बैंक खाते में वेतन जमा होने से पहले ही निर्धारित ईएमआई या अग्रिम राशि काट ली जाएगी।

### किसे मिलेगा लाभ, क्या हैं शर्तें

इस योजना का लाभ केवल उन्हीं नियमित शासकीय सेवकों को मिलेगा, जिनका वेतन ई कोष के माध्यम से तैयार होता है। कर्मचारी अपने संबंधित माह के कुल वेतन का 50 प्रतिशत तक हिस्सा अग्रिम वेतन के रूप में निकाल सकते हैं। इसके अलावा, दीर्घकालिक जरूरतों के लिए अल्पावधि ऋण का विकल्प भी उपलब्ध है।

### सावधानी भी जरूरी

सरकार ने डिजिटल धोखाधड़ी के खतरों को देखते हुए कर्मचारियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। वित्त विभाग ने निर्देश दिए हैं कि कर्मचारी अपना ओटीपी या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें और केवल आधिकारिक रिफाइन एप या वेबसाइट का ही उपयोग करें। किसी भी तकनीकी समस्या या सहायता के लिए समर्पित ग्राहक सहायता नंबर 080-65487080 और वाट्स एप हेल्पलाइन 97427 34273 जारी किए गए हैं।


WE ARE HIRING

**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# राशन दुकानों में स्टॉक कम, इसलिए चावल उत्सव के पहले दिन 8 लाख 93 हजार हितग्राहियों को ही मिल पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में मंगलवार से सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत हितग्राहियों को तीन महीने का चावल एक साथ दिया जा रहा है, लेकिन उचित मूल्य की दुकानों में स्टॉक की कमी के कारण चावल उत्सव के पहले दिन सिर्फ 8 लाख 93 हजार हितग्राहियों को ही चावल वितरण हो पाया। जिले में वितरण की बात करें तो सबसे ज्यादा रायपुर जिले में 86 हजार से अधिक हितग्राहियों को चावल वितरण हुआ है। हालांकि प्रतिशत में राजनांदगांव सबसे आगे हैं, जहां कुल 18.73 प्रतिशत कार्डधारकों को वितरण हुआ है, वहीं सबसे पीछे सुकमा है, जहां 3.26 प्रतिशत चावल वितरण हुआ है।



## प्रदेश में 80 लाख से अधिक राशनकार्ड

प्रदेश में एपीएल को छोड़कर अन्य कार्डों की संख्या 80 लाख से अधिक हैं। चावल उत्सव के पहले दिन इन कार्डों में से 8 लाख 93 हजार 896 धारकों को ही तीन महीने का चावल वितरण हो पाया, जो कुल कार्डों का लगभग 11 प्रतिशत है। चावल उत्सव के कारण उचित मूल्य की दुकानों में पहले दिन ही हितग्राहियों की भारी भीड़ पहुंची, लेकिन इस भीड़ की तुलना में दुकानों में तीन महीने का चावल स्टॉक का भंडारण बहुत कम हो पाया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, किसी भी राशन दुकान में अब तक अप्रैल महीने का 50 प्रतिशत से अधिक भंडारण नहीं हो पाया है, वहीं मई और जून महीने का स्टॉक का प्रतिशत अप्रैल माह की तुलना में 25 प्रतिशत से कम है। यही कारण है कि कई हितग्राहियों को पहले दिन चावल लिए बगैर दुकानों से वापस लौटना पड़ा।

## इन जिलों में 12 प्रतिशत से अधिक चावल वितरित

चावल उत्सव के पहले दिन राजनांदगांव में 18.73 प्रतिशत, रायपुर में 14.07, बालोद 15.36, बिलासपुर 12.79, धमतरी 16.41, दुर्ग 17.68, जांजगीर 13.20, कोरबा 13.73, मुंगेली 12.79 प्रतिशत वितरित किया गया है। अन्य जिलों में इससे कम प्रतिशत वितरण हुआ है।

## इन जिलों में 10 प्रतिशत से कम वितरण

सबसे कम प्रतिशत चावल वितरण वाले जिलों में सुकमा 3.26, सरगुजा 7.29, जशपुर 5.57, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही 6.93, गरियाबंद 5.91, दंतेवाड़ा 4.29, बीजापुर 3.91, बलरामपुर 3.96, बस्तर 7.66 प्रतिशत शामिल हैं। इसके अलावा शेष अन्य जिलों में भी वितरण प्रतिशत 10 से कम है।

## खबर संक्षेप




### सिंधीयत दिवस पर रायपुर में मचेगा धमाल, "सिंधी तम्बोला" में बरसेगा सोना

**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित सिंधी समाज के कार्यालय में छग सिंधी सेवा महापंचायत के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सिंधीयत दिवस अवसर पर सिंधी तम्बोला के भव्यतम कार्यक्रम होगा। इसी दौरान सिंधी तम्बोला का पोस्टर विमोचन किया गया। इस मौके पर तैयारियों में जुटी महिला टीम ने बताया कि सिंधीयत दिवस के अवसर पर यह एक यादगार कार्यक्रम रहेगा, जिसे नगरवासी बरसों याद रखेंगे। इस कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार गोल्ड नेकलेस, द्वितीय पुरस्कार गोल्ड ईयरिंग्स, तृतीय पुरस्कार गोल्ड रिंग के अलावा 100 अन्य पुरस्कारों में 32 टीवी, गोल्ड आइटम व अन्य प्रतिभागियों को भी आकर्षक पुरस्कार मिलेंगे। बैठक में दिनेश आनंद अठवानी, भावना कुकरेजा, राशि बलवानी, जितेंद्र बडवानी, महेश आहूजा, नरेश पंजवानी, विकास विकी सुखवानी, संतोष विक्की लोहाना, सुदेश मंध्यान, राजेश गुरनानी, श्रीचंद सुंदरानी, अमर गिदवानी, राजेश वासवानी, राजा जेठानी, चेतन तारवानी आदि शाामिल रहे।

### मां योग योगेश्वरी यती आज आएंगी रायपुर, देंगी मार्गदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग की ओर से 8 अप्रैल को भारतीय दर्शन में योग एवं गोमाता विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंच दशनाम जूना अखाड़ा की अनंत विभूषित महामंडलेश्वर मां योग योगेश्वरी यती पहली बार रायपुर आ रही है। इस अवसर पर रायपुर एयरपोर्ट में सुबह 11 बजे समस्त सनातन प्रेमी रायपुर और विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। यह स्वागत छग योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिंह, गौसेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल और राजीवलोचन श्रीवास्तव एवं ओमप्रकाश देवांगन की उपस्थिति में होगा। व्याख्यान कार्यक्रम छग गौ सेवा आयोग के कार्यालय भवन में दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी छग योग आयोग रायपुर के सचिव ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के बाद मां योग योगेश्वरी यती श्रीराम मंदिर रायपुर में दर्शन, पूजा-आरती एवं भजन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 6 बजे छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री सिन्हा के निज निवास में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रात्रि विश्राम के लिए प्रस्थान करेंगी।

### गोमाता के लिए पानी के पात्र किए वितरित



**रायपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए दीनदयाल मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने डीडीनगर में मंगलवार को मूक पशुओं की प्यास बुझाने गोमाता के लिए 201 पानी के पात्र (टंकी) और सिकोरे वितरित किए गए। इस अवसर पर राहुल हरिद्वार, शरद अग्रवाल, अमित पांडे, राजकुमार यादव, मोहित पाटिल, अमित शर्मा, बाबुल सोनी, पूजा यदु, सौरभ यादव, देव साहू, अरविंद गोस्वामी, रुस्तम पाटिल आदि मौजूद थे।

## कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने दी चेतावनी

# रासायनिक खाद की कालाबाजारी की तो जाएंगे जेल, कमी की आशंका, पर सरकार पूरी तरह सजग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में रासायनिक उर्वरकों की कालाबाजारी करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई तय है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि खाद की जमाखोरी या अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं गड़बड़ी पाए जाने पर सीधे जेल भी भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिमी एशिया संकट के कारण रासायनिक उर्वरकों की कमी की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार पूरी तरह सजग है। खाद की कमी नहीं होगी।

श्री नेताम ने ये भी कहा है कि किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आपूर्ति और बेहतर होगी, इसलिए किसानों को किसी भी प्रकार से घबराहट या पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। कृषि मंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित समेति कक्ष में रायपुर और दुर्ग संभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह बात कही।



### एग्रीस्टेक में कराएं पंजीयन

बैठक में फार्मर आईडी के तहत एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन के लिए शेष बचे हुए कृषकों का एक सप्ताह के भीतर पंजीयन करने हेतु निर्देश दिए गए, ताकि कोई भी किसान पीएम किसान योजना से लाभान्वित होने से वंचित न रहे। उन्होंने खरीफ सीजन में किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक व्यवस्था हेतु दूरस्थ अंचलों में प्राथमिकता के आधार पर उर्वरकों का भण्डारण करने हेतु निर्देशित किया।

### पीएम आशा से निराशा

मंत्री श्री नेताम ने रायपुर और दुर्ग संभाग में योजना पीएम आशा की समीक्षा के दौरान पाया कि धमतरी जिले को छोड़कर अन्य जिलों में प्रगति नगण्य है। आगामी एक सप्ताह के भीतर मार्कफेड, नाफेड एवं समिति स्तर पर समन्वय करके दलहन-तिलहन की खरीदी हेतु और अधिक प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने मखाना की खेती के लिए धमतरी जिले में किए गए कार्य की सराहना की। मखाना की खेती के साथ-साथ मछली पालन के लिए किसानों को जागरूक करने निर्देश दिए।

### जैविक खेती को प्रोत्साहन

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि पिछले वर्ष डीएपी की आपूर्ति में आई बाधाओं को देखते हुए इस बार एनपीके, एसएसपी और अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। सरकार का फोकस केवल उर्वरक उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि खेती को अधिक टिकाऊ, लाभकारी और आधुनिक बनाने पर है। किसानों की आय बढ़ाने और लागत घटाने के उद्देश्य से दलहन, तिलहन और अन्य वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने की रणनीति पर भी तेजी से काम किया जा रहा है।

### किसी भी अनियमितता की होगी जांच

मंत्री श्री नेताम ने बताया कि राज्य सरकार खरीफ 2026 की तैयारियों को लेकर पूरी तरह सक्रिय है और उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। जिलों के संबंधित विभागीय अमले को नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता सामने आते ही तत्काल कार्रवाई की जा सके। श्री नेताम ने बैठक में आगामी 5 मई से 20 मई तक पूरे प्रदेश में "विकसित भारत संकल्प अभियान" की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों और मैदानी अमले की टीम गांव-गांव जाकर किसानों, किसान समूहों और संगठनों से सीधे संवाद करेगी। इस दौरान किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, वैकल्पिक उर्वरकों और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान कृषि के साथ-साथ अन्य विभाग जैसे-मछली पालन, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ भाग लेंगे, जिसमें विभिन्न विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा विभागीय प्रकरण तैयार करने हेतु निर्देशित किया।

# असम से लौटे भूपेश, कहा चल रही बदलाव की बयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



असम के दौरे से लौटे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वहां के सियासी हालात का जिक्र करते हुए कहा, हिमंता और भाजपा सरकार से जनता परेशान है। जनता नया असम बनाने जा रही है। बदलाव की बयार चल पड़ी है। असम चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ लौटने के बाद संवाददाताओं से चर्चा में कहा, डरी हुई हिमंता सरकार कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर करा रही है।

प्रवक्ता पवन खेड़ा के घर पुलिस ने रेड की है, लेकिन कांग्रेस भाजपा के हथकंडों से डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा, बीजेपी के नेता बौखला गए हैं। अमित शाह असम में जाकर गाय बांटने की बात कह रहे हैं। 2003 में गाय बांटने की योजना छत्तीसगढ़ में फेल हो गई। अब इनके पास नया कुछ देने का नहीं है। भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री और उसका परिवार आकंठ डूबा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा, हमारे आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां रात में एफआईआर होती है और सुबह असम पुलिस दिल्ली पहुंच जाती है। आचार संहिता लगी हुई है और देश की एजेंसी किस प्रकार काम कर रही है, यह प्रश्नवाचक चिन्ह है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्षों की बैठक आज आगामी रणनीति तैयार की जाएगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में जिलाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य आगामी चुनौतियों के लिए संगठन को मजबूत करना, ब्लॉक और बूथ स्तर की कमेटियों का पुनर्गठन करना और राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार करना है। संगठन विस्तार को लेकर बूथ, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर कमेटियों का जल्द गठन और उन्हें सक्रिय करना, स्थानीय मुद्दों को उठाकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करना, संगठन में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर फोकस किया जाएगा। सभी जिलाध्यक्षों को कार्यकारिणी तैयार करने 31 मार्च तक समय दिया गया था। कई जिलों की कार्यकारिणी तैयार हो गई है, लेकिन अभी भी आधा दर्जन जिलों की कार्यकारिणी नहीं बन पाई है। वहीं ब्लॉक, बूथ और ग्राम समितियों का गठन नहीं हो सका है। बताया जाता है कि इन पर चर्चा के बाद नई तारीख का ऐलान हो सकता है।



विधायक सुनील सोनी ने निगम आयुक्त और अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# माधवराव सप्रे और प्रोफेसर जेएन पांडे स्कूल का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की ऐतिहासिक पहचान और शिक्षा का प्रमुख केंद्र पं. माधवराव सप्रे शाला और प्रोफेसर जेएन पांडे स्कूल का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत इन स्कूलों का कायाकल्प करने 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है।

मंगलवार को रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी ने नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा और शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालू, कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास के साथ बूढ़ापारा स्थित सप्रे स्कूल का निरीक्षण किया।

दरअसल सप्रे शाला और गवर्नमेंट स्कूल केवल शिक्षण संस्थान ही नहीं, बल्कि रायपुर शहर की विरासत हैं। इन स्कूलों से निकलकर अनेक यशस्वी विद्यार्थियों ने देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। 1886 में स्थापित बूढ़ापारा स्थित प्राथमिक कन्या शाला जैसे जर्जर हो चुके भवनों का संरक्षण न केवल विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण देगा, बल्कि शहर की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करेगा। सप्रे शाला में विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्ष बनाए जाएंगे। इसके अलावा खेल मैदान और लाइब्रेरी की सुविधा विकसित की जाएगी, साथ ही प्रार्थना शेड का निर्माण कराया जाएगा। विधायक सुनील सोनी ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि इन प्राचीन स्कूलों को हैरिटेज के रूप में विकसित किया जाए।





## छात्रों को राहत, आधार एवं निवास प्रमाण पत्र दिखाकर एजेंसी से ले सकेंगे 5 केजी गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एलपीजी गैस संकट के इस समय में दूसरे जिले एवं राज्यों से आकर राजधानी रायपुर में स्कूल, कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा की तैयारी करने वाले वाले छात्र-छात्राओं को अब गैस सिलेंडर के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इन छात्र-छात्राओं को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने अब सभी गैस एजेंसियों से 5-5 किलोग्राम का गैस सिलेंडर वितरण करने का निर्णय लिया है। इसके तहत कोई भी छात्र-छात्रा किसी भी गैस एजेंसी में जाकर अपना आधारकार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र दिखाकर या फोटोकॉपी जमा कराकर गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने जिले के एलपीजी वितरकों की बैठक ली। इस दौरान जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा भी मौजूद रहे। अपर कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में निवासरत विद्यार्थियों को, चाहे वे किराए के मकान में या किसी निजी हॉस्टल में रहते हों, को भी 5 किलोग्राम का छोटा सिलेंडर गैस एजेंसी द्वारा आधारकार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र के आधार पर प्रदान किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में एलपीजी सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन से मिले साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, भारतीय जनता पार्टी सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के मूल्यों पर आधारित एक सशक्त विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की भावी रणनीतियों, संगठनात्मक विषयों तथा देश के समग्र और समावेशी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नवीन के मार्गदर्शन में भाजपा संगठन निरंतर सशक्त हो रहा है और देशभर में जनसेवा के कार्यों को नई गति एवं दिशा मिल रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री नवीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक सुदृढ़ होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करती रहेगी तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

# कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पटवारी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के पंडरी स्थित कैट कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पटवारी का आगमन हुआ। इस मौके पर कैट की पूरी टीम ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के उनका स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव देश के व्यापारियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जो स्थानीय ब्रांड्स को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने प्रदेश के व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव से जुड़ने एवं अपने उत्पादों को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का आव्हान किया। अपने संबोधन में संजय पटवारी व्यापार सेवा के अपने 30 वर्षों के अनुभव साझा करते हुए व्यापारियों को नवाचार, गुणवत्ता एवं स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन पर बल दिया। उन्होंने 12, 13, 14 एवं 15 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित भारतीय व्यापार महोत्सव के लिए प्रदेश के व्यापारियों को आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि "मेक इन इंडिया" एवं "वोकल फॉर लोकल" की भावना से प्रेरित यह महोत्सव एमएसएमई ,लघु उद्योगों एवं बड़े भारतीय ब्रांड्स के लिए एक सशक्त मंच बनेगा। इसका मूलमंत्र "छोटे को बड़ा बनाना" है, जिसके माध्यम से क्षेत्रीय ब्रांड्स को राष्ट्रीय एवं वैश्विक पहचान दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में मंच संचालन कैट के महामंत्री सुरिंदर सिंह ने किया एवं स्वागत भाषण कैट अध्यक्ष परमानंद जैन ने दिया। बैठक में कैट के प्रमुख पदाधिकारी अमर पारवानी, जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंह देव, जीवत बजाज, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, राम मंधान, वासु माखीजा, भरत जैन, शंकर बजाज, जय नानवानी, राजेंद्र खटवानी, दीपक विधानी, सतीश श्रीवास्तव, मोहन वल्यानी, जयराम कुकरेजा, प्रीतपाल बग्गा, निलेश मुंदड़ा, विजय जैन, नागेंद्र तिवारी, विजय पटेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अटैचमेंट समाप्त करने जारी आदेश का पालन

# मूल पदस्थापना स्थल पर वापसी, 26 डॉक्टरों समेत दो सौ कर्मचारी रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मूल पदस्थापना स्थल पर वापसी संबंधी आदेश का पालन करते हुए रायपुर जिले के 26 डॉक्टरों समेत करीब दो सौ कर्मचारियों को रिलीव कर दिया गया है। इनमें सीएमएचओ कार्यालय के अलावा एमसीएच कालीबाड़ी और जिला अस्पताल पंडरी के डॉक्टर भी शामिल हैं। डॉक्टरों समेत अन्य कर्मचारियों के मूल स्थान पर लौटने के कारण संचालित कुछ स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावित होने की आशंका है। स्वास्थ्य विभाग में अपनी मूल पोस्टिंग छोड़कर अन्य स्थानों पर पदस्थ किए गए तमाम कर्मचारियों का अटैचमेंट समाप्त करने की घोषणा के बाद विभागीय स्तर पर पत्र जारी कर दिया गया था। इसके बाद जिलास्तर




पर भी कार्यवाही शुरू हो गई है। रायपुर जिले में अटैचमेंट पर रहे 26 डॉक्टरों सहित करीब दो सौ कर्मचारियों को अपने मूल स्थान पर वापस लौटने आदेश जारी कर दिए गए। बुधवार को सभी को अपने मूल स्थान पर ड्यूटी ज्वाइन करनी होगी। इस आदेश में शामिल चार डॉक्टर केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के नोडल अधिकारी के रूप में काम करते हैं। वहीं स्वास्थ्य केंद्रों के चार डॉक्टर मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी तथा तथा तीन डॉक्टर जिला अस्पताल पंडरी में अटैच्ड थे। इसी तरह स्वास्थ्य केंद्रों के गैर चिकित्सकीय के करीब पचास स्टाफ सीएमएचओ कार्यालय, अन्य कर्मचारी जरूरत के हिसाब से दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों में अटैच थे, जिन्हें वापस लौटने कहा गया है। जारी किए जा रहे इन आदेश का विरोध भी हो रहा है और कर्मचारियों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है। तर्क दिया जा रहा है कि जिले में सीमित संख्या में स्टाफ हैं, ऐसे में कर्मचारियों को उन कार्यों में लगाया गया, जहां उनकी आवश्यकता थी। इस आदेश का असर केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं पर भी पड़ने की संभावना है, क्योंकि कई योजनाओं की जिम्मेदारी जिला और राज्यस्तर पर मुख्यालय में बैठे अधिकारियों द्वारा संभाली जा रही है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा का पालिका घेराव आज

**अभनपुर।** नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा मंडल अभनपुर के नेतृत्व में 8 अप्रैल को नगर पालिका अभनपुर घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष रूपनारायण साहू ने बताया कि विकास कार्यों में बाधा और जनता की समस्याओं को लेकर पहले ही अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी सहित पार्षदगण एवं नगरवासी शामिल होंगे।

### स्वीपर पद को लेकर महिला आमरण अनशन पर बैठी



**आरंग।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गनौद में स्वर्गीय राजेंद्र गिलहरे (विकलांग) के रिक्त स्वीपर पद के लिए उनकी धर्मपत्नी अनिता गिलहरे ने आवेदन किया था, लेकिन बिना सूचना के स्कूल प्रबंधन द्वारा मनमानी करते हुए किसी अन्य महिला की नियुक्ति किए जाने से नाराज होकर वे आमरण अनशन पर बैठ गई हैं। अनिता गिलहरे अपने बेटे के साथ स्कूल के गेट परिसर में अनशन कर रही हैं। उनका आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर उन्हें उनके अधिकार से वंचित किया गया है। गौरतलब है कि स्वर्गीय राजेंद्र गिलहरे का आकस्मिक निधन 14 नवंबर 2025 को हो गया था। उनके परिवार का पालन-पोषण पूरी तरह उन्हीं पर निर्भर था।

### अमेरी में प्याऊ घर का शुभारंभ



**आरंग।** भीषण गर्मी को देखते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमेरी के भगत सिंह स्काउट दल द्वारा मेन रोड अमेरी में शरबत वितरण कर प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। स्काउट मास्टर एवं विकासखंड सचिव आरंग रोहित वर्मा ने बताया कि यह आयोजन जिला संघ रायपुर के अध्यक्ष जी. स्वामी, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के निर्देश तथा जिला सहायक आयुक्त एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम अमेरी के सरपंच सूरज शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और स्काउट-गाइड बच्चों में सेवा भाव विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस दौरान जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला, बी. एल. वर्मा, नीलकंठ वर्मा, सनूप धीवर, तुकेश्वरी वर्मा, प्रेरणा साहू, श्रद्धा वर्मा, लवली मानिकपुरी, आर्यन, हिमेश साहू, भूपेश साहू, कीर्ति, साक्षी कुर्रे सहित बड़ी संख्या में स्काउट एवं गाइड उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की बैठक में जनहित के मुद्दों पर किया मंथन

**आरंग।** आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रतिमाह आयोजित होने वाली मासिक बैठक इस माह भी राजश्री सद्भावना भवन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न जनहित एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए सभी कार्यक्रमों को पूर्ण समर्पण एवं निष्ठा के साथ क्रियान्वित करने का संकल्प लिया गया। साथ ही आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने एवं जनहित के मुद्दों को प्रमुखता देने हेतु सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कार्य करने का निर्णय लिया।

## निधन

### कन्हैय्या लाल तम्बोल



**आरंग।** बालाजीपुरम आरंग निवासी 75 वर्षीय कन्हैय्या लाल तम्बोली का सोमवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगर के लोग शामिल हुए। वे सुभद्रा तम्बोली के पति व अनूप तम्बोली के पिता थे।

**समस्या : दुकानदार की लापरवाही से ग्रामीणों को समय पर नहीं मिल रहा राशन**

# सरोरा में राशन का संकट, 700 कार्डधारी मार्च के अनाज से वंचित, ग्रामीणों ने तहसील घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा



नेवरा ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिलने वाले राशन को लेकर गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। नेटवर्क की खराब स्थिति, बार-बार सर्वर डाउन होने और राशन डीलरों की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को समय पर चावल और अन्य राशन नहीं मिल पा रहा है। तिल्दा तहसील के कई गांवों में हितग्राहियों को घंटों राशन दुकानों के बाहर इंतजार करना पड़ता है, लेकिन सर्वर न चलने के कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। वहीं, कुछ स्थानों पर राशन दुकानों में पर्याप्त स्टॉक नहीं होने की शिकायत भी सामने आई है, जिससे पात्र परिवारों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ई-केवाईसी के नाम पर भी अनियमितताएं की जा रही हैं। कई लोगों से बार-बार दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जबकि कुछ मामलों में बिना उचित जानकारी के राशन वितरण रोक दिया गया है। इससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तिल्दा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सरोरा में 700 से अधिक हितग्राहियों को मार्च महीने का राशन नहीं मिला है। राशन नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण शिकायत लेकर तिल्दा तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने राशन दुकान संचालक के खिलाफ तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई करने की मांग की। तहसीलदार ने ,इस मामले की जानकारी कलेक्टर रायपुर एवं जिला खाद्य अधिकारी देने की बात कही और ग्रामीणों को राशन देने की व्यवस्था और दुकान संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। ग्रामीणों का आरोप है कि मार्च माह का राशन सरोरा सरकारी राशन दुकान में आने के बाद भी 700 कार्ड धारियों को राशन वितरण नहीं किया गया। ग्रामीण जब भी राशन के लिए दुकान जाते हैं, तो दुकान संचालक के द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। जिसकी शिकायत खाद्य विभाग में करने पर खाद्य इंस्पेक्टर द्वारा कोई कार्रवाई नही की जाती है।

**खाद्य विभाग की भूमिका पर सवाल :** गांव वालों ने बताया कि बीच-बीच में शक्कर भी नहीं दिया जाता है। कई लोगों को राशन भी नहीं दिया जाता। जिसकी कई बार शिकायत फूड इंस्पेक्टर से की गई है लेकिन फूड इंस्पेक्टर के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। फुड इस्पेक्टर आते तो है लेकिन समूह वालों से मिलकर वापस लौट जाते हैं।

### राशन दुकान में दुर्व्यवहार और स्टॉक की धांधली

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 1500 से अधिक राशन कार्डधारी है, मार्च महीने में 18 तारीख तक राशन दुकान में राशन नहीं पहुंचा था। यहां सरकारी राशन दुकान को महिला समूह के द्वारा चलाया जाता है । हालांकि वितरण का कार्य समूह से जुड़ी महिलाओं के पति और परिजन करते हैं। जब गांव कि लोगों ने राशन वितरण में हो रही देर के बारे में पूछा तो संचालनकर्ताओं के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। और जब राशन बांटने के लिए चावल शक्कर पहुंचा तो समूह द्वारा 5 दिनों तक राशन का वितरण नहीं किया गया ।उनका कहना था कि वे लोग शादी में गए थे। 22 मार्च से राशन वितरण शुरू किया गया ।लगभग 7 दिन में 800 कार्ड धारियो को राशन का वितरण किया गया ,बचे 700 कार्ड धारी को राशन देने से इनकार कर दिया गया।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया और चेतावनी

ग्रामीणों ने कहा कि जब उनके लिए चावल आया था और स्टॉक में चावल रखा हुआ है बावजूद उन्हें चावल नहीं दिया जा रहा है। तहसीलदार के द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीण लौट गए। इसके 4 दिन पहले सिलपट्टी गांव में भी इसी तरह की शिकायत लेकर ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे,। सरोरा के ग्रामीणों का कहना है कि यदि मार्च का राशन उन्हें नहीं दिया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे ।,ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नेटवर्क और सर्वर की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, राशन दुकानों में पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जाए और डीलरों की कार्यप्रणाली की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## सचिव को प्रताड़ित करने वाले पंच पर कार्रवाई



**अभनपुर।** अभनपुर पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के चलते ग्राम कोलर निवासी महेश साहू पिता संतराम साहू उम्र 28 वर्ष के खिलाफ धारा 170/126, 135(3) बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते न्यायालय में पेश किया गया है। इस मामले में पंचायत कोलर के सचिव शेषनारायण साहू ने आरोप लगाया था कि वार्ड 4 के पंच महेश साहू द्वारा उन्हें पंचायत का पैसा खाने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया व यूट्यूब के माध्यम से लगातार बदनाम किया जा रहा है। साथ ही आरोप है कि संबंधित व्यक्ति नशे की हालत में पंचायत कार्यालय पहुंचकर विवाद करता है और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। सचिव द्वारा इस संबंध में पहले भी पुलिस व प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों को पूर्व में शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध होकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने की लिखित शिकायत थाना प्रभारी को की गई थी। उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई कर आरोपी को एसडीएम न्यायालय में पेश करने हेतु रवाना किया गया है लेकिन महेश साहू को जमानत मिल गई।

## मर्सिडीज कार में आए हाईप्रोफाइल जुआरियों पर पुलिस का छापा, 42 लाख का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर



थाना अभनपुर पुलिस ने जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए खेत में जुआ खेल रहे दो हाईप्रोफाइल आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नगद राशि के साथ एप्पल के महंगे मोबाइल और एक लग्जरी मर्सिडीज कार बरामद की है। जब्त किए गए कुल माल की कीमत लगभग 42 लाख रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार, 6 अप्रैल को पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम टोकरो के खेत खार में बबूल पेड़ के नीचे कुछ लोग बड़े पैमाने पर काटपत्ती जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की। पुलिस की दबिश देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई, जिसमें कुछ जुआरी फरार होने में कामयाब रहे, जबकि दो आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजधानी रायपुर और भिलाई के युवक शामिल हैं रितेश गणेशानी (36 वर्ष):** निवासी आनंद नगर, रायपुर। राहुल सिंह (34 वर्ष) निवासी सेक्टर 10, भिलाई।

### 42 लाख से अधिक की जब्ती

पुलिस ने जुआ फड़ और आरोपियों के पास से 6 लाख 34 हजार रुपये। एक मर्सिडीज कार (कीमत लगभग 35 लाख रुपये)। एप्पल कंपनी के दो मोबाइल फोन (कीमत लगभग 80 हजार रुपये)। 52 पत्ती ताश।
42 लाख 14 हजार रुपये। दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि यह अपराध जमानती प्रकृति का है और पुलिस स्तर पर उन्हें मुचलके पर रिहा किया गया था, लेकिन एसडीएम कोर्ट अभनपुर में पेश किए जाने पर जमानत न मिलने के कारण दोनों आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है। पुलिस अब फरार जुआरियों की तलाश कर रही है। ग्रामीण इलाकों के खेतों में इस तरह के हाईप्रोफाइल जुए की कार्रवाई ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।

## संत रामपाल महाराज ने नशामुक्ति और समाज सुधार का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम सगुनी में संत रामपाल जी महाराज का सत्संग एल ई डी टीवी के माध्यम से दिखाया गया एवं आध्यात्मिक पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस सत्संग में ग्रामवासी सहित सैकड़ों अनुयाई सत्संग सुनने पहुचे थे। यहां उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति, दहेज मुक्त विवाह की जानकारी दी। संत रामपाल जी महाराज समाज में व्याप्त पाखण्डवाद को दूर कर एक स्वच्छ समाज का निर्माण कर रहे हैं। उनके द्वारा वृक्षारोपण कार्य किया जाता है। उसके अनुयाई समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाते है। मृत्यु उपरांत देह दान करने का संकल्प लेते है। महाराज जी के द्वारा सुखा,बाढ़, भूकंप, महामारी जैसे आपदा के समय राहत सामग्री प्रदान करते हैं।अन्नपूर्णा मुहिम चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत गरीब,बेसहारा लोगों को रोटी, कपड़ा, चिकित्सा, शिक्षा और मकान प्रदान कर रहे हैं। उक्त जानकारी इस सत्संग में उपस्थित लोगों को दी।

## भानसोज में भंडारे में श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद



**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग अंतर्गत ग्राम भानसोज में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय मानस गान सम्मेलन का समापन 6 अप्रैल को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान गांव में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। विभिन्न मंडलियों द्वारा प्रस्तुत मानस गान ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन दिवस पर भंडारे में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही, जो देर शाम तक जारी रही। आयोजकों ने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए थे। स्थानीय ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों ने सेवा भाव से योगदान देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

ग्रामीणों ने इस तरह के आयोजन को सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की अपेक्षा जताई।

## थानू राम साहू बने ग्राम प्रमुख



**आरंग।** स्थानीय कांग्रेस राजनीति में संगठनात्मक कसावट लाते हुए पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया की अनुशंसा पर नई नियुक्तियां की गई हैं। सोमवार, 6 अप्रैल को भानसोज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान थानू राम साहू को ग्राम प्रमुख की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही चुनावी तैयारियों और जमीनी कार्यकर्ताओं को मजबूत करने के लिए बूथ अध्यक्षों के नामों की भी घोषणा की गई, जिसमें ओमकार निर्मलकर को बूथ क्रमांक 52, निलेश साहू को बूथ क्रमांक 53 और दुलार बंजारे को बूथ क्रमांक 54 का अध्यक्ष बनाया गया है।

इन नई नियुक्तियों से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा, जिनमें भानसोज मंडल अध्यक्ष हरि बंजारे, रायपुर सड्डू मंडल अध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर और उपसरपंच संजीव चंद्राकर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही मोहन साहू, कैलाश साहू, हेमंत साहू, नैनदास गायकवाड़, भगत लहरी, रोशन गायकवाड़, दुकालू साहू, वितिक गायकवाड़, महेंद्र बंजारे, प्रियांशु गायकवाड़, हितेश लहरी, फ़र्वेंद्र देवांगन, राहुल साहू, रवि मानिकपुरी, राहुल देवेंद्र वर्मा और केशराज साहू ने भी थानू राम साहू एवं बूथ अध्यक्षों के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. शिव डहरिया के नेतृत्व में ये सभी निष्ठावान कार्यकर्ता संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

## भारी विरोध के चलते कुकरा में अवैध कब्जे पर कार्रवाई रुकी



**आरंग।** मंदिरहसौद तहसील के ग्राम कुकरा में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के दौरान सोमवार को तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। राजस्व अमले द्वारा एक दुकान की बाउंड्री तोड़ने के बाद जब दूसरे मकान पर कार्रवाई के लिए टीम पहुंची, तब संबंधित पक्ष द्वारा समय पर सामान नहीं हटाए जाने के कारण कार्रवाई बीच में ही रोकनी पड़ी। इस दौरान मौके पर भारी वाद-विवाद की स्थिति बन गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मंदिरहसौद थाना प्रभारी स्वयं ग्राम कुकरा पहुंचे, लेकिन इसके बावजूद विवाद थमता नहीं दिखा। मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार नीलम ठाकुर ने उच्च अधिकारियों से चर्चा के बाद अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए 5 दिन की नई तिथि निर्धारित की, जिसके बाद मामला शांत हुआ। गौरतलब है कि ग्राम कुकरा में लंबे समय से अवैध कब्जों को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की मांग पर राजस्व विभाग की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची थी, लेकिन पुलिस बल की कमी के कारण पहले भी कई बार कार्रवाई टलती रही।कार्रवाई में लगातार हो रही देरी से नाराज पंचायत प्रतिनिधियों ने सरपंच नंदलाल डहरिया के नेतृत्व में विरोध जताया और कार्रवाई नहीं होने पर इस्तीफा देने तक की चेतावनी दी थी। इसके बाद राजस्व विभाग ने 6 अप्रैल की तिथि तय कर सीमित पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की, जिसमें एक दुकान के बगल की बाउंड्री तोड़ी गई। हालांकि, आगे की कार्रवाई के दौरान उत्पन्न विवाद के चलते अभियान को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

## नारा में भाजपा नें स्थापना दिवस मनाया



**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आज मंदिर हसौद मंडल के ग्राम नारा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 6 अप्रैल के इस विशेष दिन को कार्यकर्ताओं ने उत्सव की तरह मनाया और पूरे उत्साह के साथ भाजपा का झंडा फहराकर संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। इस गरिमामयी अवसर पर मंदिर हसौद मंडल के मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ओबीसी मोर्चा के महामंत्री एवं नारा सहकारी समिति के अध्यक्ष त्रिलोचन साहू, भानसोज सहकारी समिति के अध्यक्ष जगमोहन यादव, भानसोज सरपंच जगमोहन बघेल, बीरेंद्र सेन और नारा बूथ अध्यक्ष उमेश धीवर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पार्टी की विकास यात्रा और उसकी विचारधारा पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के दम पर ही आज पार्टी इस शिखर पर पहुँची है। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे का मुँह मीठा कराया और पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी।

**27 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा और ज्ञापन**

# गौ माता को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान दिलाने जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



गौ माता के सम्मान और संरक्षण को लेकर देशव्यापी 'गो सम्मान आह्वान अभियान' अब एक बड़े जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। आगामी 27 अप्रैल को इस अभियान के तहत देशभर में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में आरंग क्षेत्र के गौ सेवक और कार्यकर्ता अंचल के गांव-गांव में पहुंचकर लोगों को इस मुहिम से जोड़ रहे हैं। अभियान को गति देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में दीवार लेखन, बैनर और पोस्टरों के माध्यम से अलख जगाई जा रही है। जगह-जगह नारों के जरिए लोगों से गौ माता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने हेतु एकजुट होने की अपील की जा रही है। ग्रामीणों सहित आरंग शहर के सभी वर्गों ने भी इस अभियान को अपना समर्थन दिया है, जिससे इस आंदोलन को बड़ी मजबूती मिली है। गौ सेवकों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को 27 अप्रैल के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 27 अप्रैल को आरंग के प्रतिष्ठित कुमारेश्वर महादेव मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरेगी, जिसके बाद एसडीएम और तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उल्लेखनीय है कि गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार इस तरह का बड़ा अभियान चलाया जा रहा है, जो वर्तमान में पूरे देश में कौतूहल और चर्चा का विषय बना हुआ है। आयोजकों ने क्षेत्र की जनता से इस अभियान को सफल बनाने और गौ माता को उचित सम्मान दिलाने हेतु बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

## एचपी गैस एजेंसी खोलने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



**आरंग।** देश में बढ़ती गैस सिलेंडर की कमी एवं जनता को हो रही तकलीफ को देखते हुए शिवसेना आरंग नगर के पदाधिकारियों ने शिवसेना रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा के निर्देश पर आज अनुविभागीय अधिकारी आरंग एवं कलेक्टर रायपुर को ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष राज दुबे ने अनुविभागीय अधिकारी को बताया कि आरंग नगर में एक मात्र इंडेन गैस एजेंसी है, जहाँ नगर के अलावा पूरे विधानसभा क्षेत्र के लोग सिलेंडर लेने आते हैं। इंडेन गैस एजेंसी के संचालक नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को तय समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। इसलिए तत्काल आरंग नगर में एचपी गैस एजेंसी खोलना अति आवश्यक है। इस पर अनुविभागीय अधिकारी ने कहा कि वे इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए समस्या के समाधान का प्रयास करेंगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर उपाध्यक्ष उजाला जलक्षत्री, संगठन प्रभारी व्यास सोनकर, शिवसेना वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद उमाकांत यादव, रवि लोधी एवं अन्य शिवसैनिक उपस्थित थे।

# आरटीई में बदलाव के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में आरटीई में बदलाव के खिलाफ माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय का घेराव किया गया। नए नियम के कारण नर्सरी, केजी 1 एवं केजी 2 की कक्षाएं आरटीई के दायरे से बाहर हो जाएंगी, जिससे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा प्रभावित होगी। कांग्रेस ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा के अधिकार कानून में किए गए बदलाव का कड़ा विरोध दर्ज कराया।

■ डीईओ को सौंपा ज्ञापन

शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, शिक्षा का अधिकार कानून से गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को नर्सरी से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने का माध्यम रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा इसमें बदलाव कर कमजोर किया जा रहा है। पूर्व में आरटीई के तहत नर्सरी से ही बच्चों का प्रवेश प्रारंभ होता था, जिससे उनकी प्रारंभिक शिक्षा मजबूत होती थी।

## 150 करोड़ बचाने गरीबों को शिक्षा से वंचित कर रही सरकार



कांग्रेस नेताओं ने बताया कि जहां पहले लगभग 75000 बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश मिलना था, वहीं अब यह संख्या घटकर मात्र 19000 रह जाएगी। सरकार केवल 100 से 150 करोड़ के आर्थिक बचत के लिए यह कदम उठा रही है। कांग्रेस ने मांग की है कि आरटीई कानून के मूल स्वरूप को बरकरार रखते हुए पुन नर्सरी से ही प्रवेश की व्यवस्था प्रारंभ की जाए। यदि सरकार द्वारा यह निर्णय वापस नहीं लिया जाता है तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### ये रहे शामिल

इस प्रदर्शन में प्रमोद दुबे, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, आकाश शर्मा, नीरज पांडे, राकेश धोत्रे, जी. श्रीनिवास, प्रशांत ठेंगड़ी, अजीत कुकरेजा, हीरेंद्र देवांगन, अंजुमन ढेबर, ओम श्रीवास, सुजीत सिंह, विनोद ठाकुर, अनु साहू, प्रवीण चंद्राकर, अविनय दुबे, मो. ताहिर, आकाश दीवान, वेंकट कुमार, राज देवांगन, नवीन लाजरस, डोमेंद्र दीप, हाजरुन बानो, प्रीति सोनी, शबा अंजुम, नवीन चंद्राकर, ईश्वर चक्रधारी, मुन्ना मिश्रा, महेंद्र सेन, लक्ष्मण सेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बिजली कटौती के विरोध में गुढ़ियारी कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल के नेतृत्व में लगातार बिजली कटौती और सहायता केंद्र में व्याप्त अनियमितता के विरोध में गुढ़ियारी स्थित बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव किया गया, जिसमें सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और गुढ़ियारी के आमजन शामिल रहे। घेराव के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। सुबोध हरितवाल ने अधिकारियों को बाहर बुलाया और कहा, मैं एसी कमरे में आकर बात नहीं करूंगा। अधिकारियों को बाहर बुलाकर सबके सामने बात की, ताकि एसी में रहने वाले अधिकारी गर्मी से परेशान जनता की तकलीफ को महसूस कर सकें। विभाग के अधीक्षण अभियंता महेश ठाकुर और कार्यपालन अभियंता रामकुमार साहू ने जनता को आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द बिजली कटौती रुकेगी और साथ ही सहायता केंद्र ठेकेदार पर कार्यवाही भी की जाएगी।

■ व्यवस्था में सुधार न होने पर उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी

## इन मांगों को लेकर प्रदर्शन




रात में हो रही बिजली कटौती तत्काल रोकी जाए। लाइनमैन की व्यवस्था पर्याप्त हो, जिससे काम तत्काल किया जा सके। फ्यूज और डीओ बदलने की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के लिए कर्मचारी भेजे जाए। ओवरलोड की वजह फेल हो रहे ट्रांसफार्मर की संख्या बढ़ाई जाए। जनता का कॉल न उठाने वाले सहायता केंद्र ठेकेदार पर कार्यवाही की जाए।

### प्रदर्शन में ये हुए शामिल

प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व महापौर एजाज ढेबर, ब्लॉक अध्यक्ष सुधा सरोज और किशन बाजारी, पूर्व पार्षद सुंदर जोगी, रमाकांत शर्मा, अमित कावलवार, विक्की साहू, जितेंद्र साहू, प्रगति वाजपाई, रशीद खान, कुंदन सिन्हा, तोरण साहू, बल्ली भैया, ऋषि सरोज, रोशन खान, दीपेंद्र ठाकुर, शानू दीवान, जीतू पाल, अमित मीतू तिवारी, अजीत कोली, मोना पटले समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निधन

### जाहिद मिर्जा



रायपुर। पलाश विहार, महावीर नगर निवासी छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के रिटायर्ड अधिकारी जाहिद मिर्जा (64) का इंतेकाल हो गया। बुधवार को उनके जनाजे की नमाज बाद जोहर बैरन बाजार कब्रिस्तान में पढ़ी जाएगी। इसके बाद वहीं उन्हें सुपुर्दे-खाक किया जाएगा। वे तौहीद मिर्जा के वालिद थे।

### माया चौधरी



रायपुर। राजातालाब निवासी माया चौधरी का 7 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 अप्रैल को निवास स्थान से शंकर नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. मनोज चौधरी की पत्नी, विनोद चौधरी की भाभी एवं गणेश रजक की बहन थीं।

### शैलेश मिश्रा



रायपुर। संतोषी नगर निवासी एडवोकेट शैलेश मिश्रा का 7 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. श्रीकांत मिश्रा के पुत्र, अनय मिश्रा के पिता तथा बृजेश मिश्रा के छोटे भाई थे।

### सुमंत कुमार वर्मा



रायपुर। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग (आरईएस) के सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी सुमंत कुमार वर्मा का 7 अप्रैल को निधन हो गया। वे जगदीश, गोविंद वर्मा और मिंटी वर्मा के पिता थे।

## बैरागी डेरा के 4 ब्लॉक में जलसंकट, टैंकर से आपूर्ति

# सरोना बीएसयूपी कालोनी परिसर की टंकियां फूटीं, पाइप में लीकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सरोना, दलदल सिवनी, कचना और सड्डू में गरीबों व जरूरतमंदों के लिए बनाई गई बीएसयूपी आवासीय परिसर और प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत निर्मित बहुमंजिला मंजिला आावासीय कालोनियों में रहने वाले इन दिनों पेयजल संकट से परेशान हैं। कचना के पीएम आवास के अलग-अलग ब्लॉक में रहने वालों के लिए नगर निगम ने अलग से टंकी को बोरवेल से भरने की व्यवस्था की है, पर गर्मी के चलते बोरवेल का जलस्तर कम होने से टंकी भरने जोन 9 से टैंकर मंगाने की नौबत आई है। सरोना शीतला माता मंदिर के पीछे वाले बीएसयूपी और सालासार बीएसयूपी कालोनी की पानी टंकी जगह-जगह से फूटने की वजह से छत पर पानी जमा होने लगा है। जोन 8 को इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया, पर पुरानी व जर्जर प्लास्टिक की पानी टंकियों को अब तक बदला नहीं जा सका। इधर दलदल सिवनी के द्वारिका विहार और दयानगर बस्ती में पिछले 2 साल से पानी की किल्लत की वजह से यहां बारहों महीने पानी टैंकर के भरोसे रहवासियों को रहना पड़ रहा है। पेश है एक रिपोर्ट :

## दलदल सिवनी के द्वारिका विहार, दयानगर, वृंदावन कॉलोनी में पानी की किल्लत

### केस 1

### टूटे-फूटे पाइप का लीकेज रस्सी से बांधकर चला रहे काम



नगर निगम जोन-8 क्षेत्र स्थित संत रविदास वार्ड, सरोना की सालासार ग्रीन बीएसयूपी कॉलोनी और शीतला माता मंदिर के पीछे निर्मित बीएसयूपी कॉलोनी की टंकियां जगह-जगह टूटने से पानी छत पर बह रहा है। यहां अलग-अलग ब्लॉक में रहने वाले हजारों परिवार के लिए पानी ऊपर के फ्लोर में मोटरपंप के जरिए चढ़ाया जा रहा है, पर टंकी व पाइपलाइन जर्जर होने से पीने का शुद्ध पानी टॉप फ्लोर पर छत में जमा हो रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद अर्जुन यादव और जोन-8 कमिश्नरी में की है। इसके बाद भी यहां की पानी टंकी नहीं बदली गई। मजबूरी में लोग पानी के पाइप वाले क्षतिग्रस्त हिस्से में मोटी रस्सी बांधकर पानी को बहने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। वार्ड पार्षद ने बताया कि उनके वार्ड में 4 बीएसयूपी कॉलोनियां हैं, इनमें चंदनीडीह, सरोना के डिपरापारा और सालासार ग्रीन तथा शीतला माता मंदिर के पीछे बीएसयूपी कॉलोनी है, जहां पेयजल की समस्या लगातार बनी हुई है। जर्जर टंकी की जगह नई पानी टंकी के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।



### केस 2

### टैंकर के भरोसे बैरागी डेरा के रहवासी

महात्मा गांधी वार्ड, बैरागी डेरा बीएसयूपी कॉलोनी के रहवासियों को बारहों महीने टैंकर से ही काम चलाना पड़ रहा है। यहां इस समय 6 पानी टैंकर लोगों की प्यास बुझाने लगाए गए हैं। यहां के 4 ब्लाक में 400 परिवार रहते हैं। इसी तरह सेक्टर 3, खेमका बीएसयूपी में बोरवेल खराब होने से पेयजल संकट से रहवासी परेशान हैं। खालबाड़ा के बीएसयूपी कालोनी में पानी टैंकर आते ही लोग बाल्टी, गुंडी लेकर पानी भरने बड़ी संख्या में जुटते हैं।



### केस 3


### कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड

इस वार्ड के दलदल सिवनी टेकारी रोड स्थित पीएम आवासीय परिसर 580 और 335 में शम्पवेल को भरने नगर निगम से जोन-9 से पानी टैंकर भेजे जा रहे हैं। बोरवेल का लेवल डाउन होने से यह स्थिति बनी है। अवनी बीएसयूपी और ईरानी डेरा बीएसयूपी में पेयजल की समस्या दूर करने अमृत मिशन के तहत पाइपलाइन से पीने के पानी की शाम के समय आपूर्ति की जा रही है। दैनिक उपयोग के लिए टंकी से पानी का उपयोग किया जा रहा है। बोरवेल में जलस्तर में तेजी से गिरावट होने से टंकी भरने में दिक्कत आ रही है। इसी वार्ड के दयानगर, द्वारिका विहार और वृंदावन कॉलोनी में पानी का संकट गहराने से पेयजल आपूर्ति के लिए निगम से टैंकर मंगाना पड़ रहा है। टैंकर वाले से दुर्व्यवहार की शिकायत भी सामने आई है। लोगों का कहना है कि वार्ड पार्षद से पेयजल की समस्या बताने पर वे ध्यान नहीं दे रहे। लोगों का आरोप है कि टैंकर की व्यवस्था उनसे संभल नहीं रही।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने कहा

# प्रति विद्यार्थी होने वाली व्यय राशि ही आरटीई के तहत स्कूलों को दी जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस बात का उल्लेख है कि शासकीय विद्यालय में प्रति विद्यार्थी होने वाले व्यय या निजी स्कूल की वास्तविक फीस के आधार पर निर्धारित की जाती है। शिक्षा के अधिकार कानून में भी प्रतिपूर्ति राशि के निर्धारण में इसी नियम का उल्लेख है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता और सचिव मोती जैन ने बताया कि 2011 से ही कक्षा पहली से पांचवी तक की प्रतिपूर्ति राशि 7000, छठवीं से आठवीं तक 11400 प्रति विद्यार्थी-प्रतिवर्ष तय की गई थी। इस नियम के अनुसार, इस वर्ष शासकीय विद्यालय में प्रति विद्यार्थी होने वाले व्यय की राशि ही शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्रतिपूर्ति राशि प्रदान की जानी चाहिए। स्कूल शिक्षा विभाग को इस वर्ष शासकीय विद्यालय में प्रति विद्यार्थी होने वाले व्यय की राशि को सार्वजानिक करना चाहिए, हो सकता है, स्कूल शिक्षा विभाग के कठोर वित्तीय अनुशासन से यह राशि घटकर 4000 प्रति विद्यार्थी, प्रतिवर्ष या उससे भी कम हो गई है, इसलिए प्रतिपूर्ति राशि तय करने के लिए यह राशि सभी को जानना जरूरी है।

■ शिक्षा के अधिकार कानून में भी प्रतिपूर्ति राशि के निर्धारण में इसी नियम का उल्लेख

### 14 वर्षों में इतनी बढ़ोतरी

| | | |
|---|---|---|
| विधायक | 45,000 | 1,60,000 |
| आईएएस अधिकारी (Entry) | 45,000 | 1,06,500+ |
| राज्य ग्रेड | 42,000 | 1,08,600 |
| केंद्र ग्रेड-1 | 45,000 | 1,06,500+ |

ये वेतन 3 से 4 गुना हो गया है। प्रदेश के निजी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष शासकीय विद्यालय में प्रति विद्यार्थी होने वाले व्यय की राशि या निजी स्कूल की वास्तविक फीस (दोनों में से जो भी कम हो) प्रतिपूर्ति राशि स्वीकार कर लेंगे।

# धर्म स्वातंत्र्य कानून आज से लागू

रायपुर। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण रोकने बनाए गए नए विधेयक पर मंगलवार को राज्यपाल रमेन डेका ने हस्ताक्षर किए। अब आज से प्रदेश में नया धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू हो गया है। धर्मांतरण पर नए विधेयक के अनुसार अब सख्त कार्रवाई होगी।

विधानसभा के बजट सत्र में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2026 पास किया गया था। अब राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद ये कानून बन गया है। अगर एक धर्म का व्यक्ति, दूसरे धर्म में शादी करता है तो ऐसी शादी को कराने फादर, प्रीस्ट, मौलवी या ऐसी शादी को कराने वाला जिम्मेदार व्यक्ति विवाह की तारीख से आठ दिन पहले घोषणापत्र सक्षम प्राधिकारी के सामने प्रस्तुत करेगा। सक्षम प्राधिकारी ये तय करेगा कि शादी कहीं धर्मांतरण के उद्देश्य से तो नहीं की जा रही है। ऐसा हुआ तो उसे अवैध घोषित किया जा सकेगा। विधेयक में अवैध धर्मांतरण के मामलों के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने पर 7 से 10 साल तक की जेल और 5 लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान है। सामूहिक धर्मांतरण का दोषी पाए जाने पर 25 लाख का जुर्माना और 20 साल तक की सजा होगी।

■ राज्यपाल ने विधेयक पर किए हस्ताक्षर

## पेज 11 के शेष ...

### छह करोड़ की चौपाटी...

कराने का काम शुरू किया, लेकिन रेलवे ने प्रथम चरण में शिफ्ट कराए 32 दुकानदारों को नोटिस भेजकर उस जमीन पर अपना दावा जताया। इससे संबंधित दुकानदार बेहद परेशान रहे। उन्होंने इस बारे में निगम आयुक्त और महापौर को अपनी परेशानी बताई।

### शासकीय दुकानों...

के मामले से यह कार्रवाई जुड़ी हुई है। ईओडब्ल्यू की जांच में यह पाया गया है कि कांग्रेस शासनकाल में शासकीय शराब दुकानों में अवैध शराब (पार्ट-बी) पहुंचाने के लिए अन्य जिलों की डिस्टलरीज कंपनी के वाहन की तरह कुम्हारी की छग डिस्टलरीज कंपनी के इन तीनों हाईवा का भी उपयोग किया जाता था। इस आधार पर ही इन तीनों वाहनों को जब्त किया गया है। ***डिस्टलरी से सीधे चयनित शराब दुकानों में परिवहन :*** अवैश शराब का परिवहन वाहन के माध्यम से डिस्टलरी से सीधे चयनित शराब दुकानों में किया जाता था। इस कार्य के लिए डिस्टलरी मालिक द्वारा अपने भरोसेमंद लोगों को ट्रांसपोर्टिंग का कार्य सौंपा जाता था। इसके बाद भरोसेमंद ट्रांसपोर्टर द्वारा छोटे ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियों को उपयोग में लाकर अवैध शराब दुकानों तक पहुंचाने का काम किया जाता था।

### डिजिटल एवं भौतिक ...

कोटा जिला बिलासपुर तथा भाटिया वाइंस डिस्टलरी सरगांव जिला मुंगेली से कुल 16 वाहन जब्त किए गए थे। इन गाड़ियों की जब्ती के आधार पर आगे जांच में छत्तीसगढ़ डिस्टलरी दुर्ग के 3 वाहनों के डिजिटल एवं भौतिक साक्ष्यों में यह पाया गया कि इन गाड़ियों का उपयोग अवैध शराब (पार्ट-बी) के परिवहन में किया जाता था। विवेचना में यह भी पाया है कि अवैध शराब का परिवहन डिस्टलरियों से सीधे चयनित शासकीय देशी शराब दुकानों तक कराया जाता था। इस कार्य के लिए कुछ निर्धारित वाहनों का बार-बार उपयोग किया जाता था। जांच में प्राप्त साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर ऐसे गाड़ियों की डिस्टलरीवार पहचान की गई है।

### कैफे में बिना अनुमति...

नहीं। इसकी जानकारी मांगी गई, लेकिन कैफे संचालक की ओर से अनुमति लेने संबंधी कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया। इस आधार पर पुलिस ने तत्काल डीजे की जब्ती बनाई, साथ ही कैफे संचालक के विरुद्ध कोलाहाल अधिनियम के तहत प्रकरण बनाकर कार्रवाई की है।

### सरकारी कर्मचारियों ..

अग्रिम राशि या ऋण प्राप्त कर सकेंगे। इस पूरी प्रक्रिया के संचालन के लिए वित्त विभाग ने बेंगलुरु स्थित सेवा प्रदाता 'मैसर्स रिफाइन टेक प्राइवेट लिमिटेड' का चयन किया है।

## छोटे मालवाहक बिगाड़ रहे यातायात, बंद हो एंट्री

रायपुर। आम आदमी पार्टी ने ट्रैफिक समस्याओं को मंगलवार को मोर्चा खोला। पार्टी का कहना है, एमजी रोड, राठौर चौक, अग्रसेन चौक, भैंसथान, फाफडीह, रेलवे स्टेशन मार्ग, चुना भट्टी, गुढ़ियारी, कर्मा चौक, रामनगर, नहरपारा, संजय गांधी चौक, गुरुद्वारा स्टेशन रोड, मालवीय रोड इन सभी मार्गों पर शाम होते ही भयंकर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है कई बार एम्बुलेंस को रास्ता नही मिलता। अपनी शिकायतें लेकर पार्टी ने रायपुर कमिश्नर संजीव शुक्ला को ज्ञापन दिया। मिहिर कुर्मी, अजीम खान ने कहा, फरवरी में आदेश जारी कर इन सभी मार्गों पर शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक छोटे माल वाहक वाहनों की नो एंट्री लगा दी थी। अब इस निर्णय को शिथिल करना उचित नहीं है। आप ने मांग करते हुए कहा, इस आदेश को फिर से कड़ाई से पालन करवाया जाए और जनता की सुविधा को देखते हुए इसी राजनीतिक रंग न दिया जाए।

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला- रायपुर तहसील- अभनपुर प.ह.न.- 00013 परसट्ठी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - RD202526441632000010

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न 00013 के अंतर्गत ग्राम परसट्ठी के वर्तमान भूमिस्वामी **भारती राम पिता/पति-अधारूराम पता-सा. बेन्द्री, नाबा पंचराम पिता/पति-वली पिता अधारूराम पता-सा.बेन्द्री** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 21(0.2700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आरती राम साहू पिता/पति-अधारू राम पता-सोनपैरी के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक 13/04/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 13.03.2026** को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार:-SITA SHUKLA**
**तहसील-अभनपुर**

**:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::**
**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)**
**न्यायालय:- कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

उत्तराधिकार प्र.क्र.-21 /2026, प्रो.क्र. 324/26
पेशी तारीख 28.04.2026

**श्रीमती निर्मला देवी** ...... **आवेदिका**
**बनाम**
**आमजनता व अन्य** ...... **अनावेदकगण**
**प्रति,**

आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण जो कि आवेदकगण के मृतक पति/पिता **स्व. श्रीपाल लुनिया** के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 28.04.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा।

**नोट:-**यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा।

यह आज तारीख 06.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 06.04.2026 **कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा**
मुहर **षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

**// उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु //**
(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालय:-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.

उत्तराधिकार प्र.क्र.- 74/2026 प्रो.क्र. - 323/26
पेशी तारीख - 08.05.2026

**रामदेव पाण्डेय** ........**आवेदक**
**बनाम**
**आम जनता** ........ **अनावेदकगण**
**प्रति,**

**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो** जो कि आवेदक के मृतक पिता/पति **स्व. घनश्याम पाण्डेय** के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में **पेशी 08.05.2026** को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट:** यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा ।

यह आज तारीख 20.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 20.03.2026 **(कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा)**
मुहर **षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायपुर (छ.ग.)**

**:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::**
**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)**
**न्यायालय:- कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

उत्तराधिकार प्र.क्र.-52/2026, प्रो.क्र. 312/26
पेशी तारीख 24.04.2026

**रूखमणी यदु** ...... **आवेदिका**
**बनाम**
**रूखमणी यदु व अन्य** ...... **अनावेदकगण**
**प्रति,**

**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो** जो कि आवेदकगण के मृतक पति/पिता **स्व. ढेलूराम यदु** के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी **24.04.2026** को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा।

**नोट:-**यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा।

यह आज तारीख 28.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 28.03.2026 **कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा**
मुहर **षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम-सूचना**

दिनांक 17/03/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरवन निषाद पिता/पति गणेश राम निषाद निवासी सोडंरा की ग्राम सोडंरा. प.ह.न 25 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 17/1, 27/0, 8/1, 240/3 रकबा 0.0010, 0.0850 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के दिनांक 22/01/2026 के परिपालन में दिनांक 27/04/2026 को समय 2.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नबंर 25 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

**अतः सूचना जानें ।**
**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तिहार //**

क्रमांक // बी-121/2025-2026
रायपुर, दिनांक /04/2026
ग्राम- टिकरापारा
तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका / आवेदक राघव प्रसाद गुप्ता पिता स्व.श्री जगमोहन लाल गुप्ता द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता स्व. श्री जगमोहन लाल गुप्ता पिता- स्व.श्री होरिल लाल गुप्ता की मृत्यु दिनांक 05.05.2002 को घर / हॉस्पिटल माना कैम्प घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 14/04/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार**
**रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में
मामला क्रमांकः 202604112800003
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**

विषयः- अ-20 (3) सन् :-2025-2026
रायपुर प.ह.न. 00062 (हे.)

**पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-** सत्यम त्रिपाठी पिता दिनेश त्रिपाठी,
**अनावेदक पक्षकार**-महामाया देवी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा ग्राम तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्यम त्रिपाठी पिता दिनेश त्रिपाठी, निवासी- ई-26, कृष्णायन कॉलोनी, छुईहा, बलौदाबाजार, पो.ऑ. बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस आशय का आवेदन पेश किया कि मौजा ग्राम तेलीबांधा स्थित, खसरा नंबर-360/1 का भाग, प्लॉट नंबर-26 रकबा 1600 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने विक्रेता महामाया देवी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 07/02/2017 के माध्यम से क्रय किया है। क्रय करने के बाद आवेदक उक्त भूमि को पर अपना नाम दर्ज नहीं करवा पाये थे। अतएव आवेदक क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 27/04/2026 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-21 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/04/2026 को जारी किया जाता है।

NAVIN KUMAR THAKUR
मुहर **नजूल अधिकारी**
**रायपुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202604112800004**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

**विषयः- अ-20 (3) सन्:-2025-2026**
रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- {1} तेजस्व शर्मा पिता महेंद्र शर्मा, {2} अरूणा शर्मा पति महेंद्र शर्मा
अनावेदक पक्षकार -महामाया देवी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर,

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा ग्राम तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण {1} तेजस्व शर्मा पिता महेंद्र शर्मा, {2} अरूणा शर्मा पति महेंद्र शर्मा, निवासी-वार्ड नंबर-24, गोपाल किराना स्टोर के सामने, राजातालाब, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस आशय का आवेदन पेश किया कि मौजा ग्राम तेलीबांधा स्थित, खसरा नंबर-360/1 का भाग, प्लॉट नंबर-25 रकबा 2025 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने विक्रेता महामाया देवी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 04/07/2016 के माध्यम से क्रय किया है। अतएव आवेदकगणों द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 27/04/2026 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-21 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/04/2026 को जारी किया जाता है।

**NAVIN KUMAR THAKUR**
मुहर **नजूल अधिकारी, रायपुर**

**कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अविनाश केपिटल होम्स - 2 (अपार्टमेंट) आवासीय सहकारी समिति मर्यादित, सड्डू, रायपुर, विकासखण्ड - धरसींवा, जिला - रायपुर, छत्तीसगढ पंजीयन क्र. 906 जिला रायपुर**

क्र. / निर्वाचन / 2026/01 **:: सूचना ::** दिनांक- 06/04/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, सोसाइटी के मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन, सोसाइटी की आगामी वार्षिक साधारण सम्मेलन/ विशेष साधारण सम्मेलन में किया जाना है, जिसकी सूचना रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम के विवरण के साथ जारी की जायेगी। अतएव, सोसाइटी की मतदाता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय, उप/सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी सोसाइटी, एवं विकासखण्ड कार्यालय के सूचना पटल पर दिनांक 06/04/2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को, इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो दिनांक 06/04/2026 से 16/04/2026 तक सोसाइटी कार्यालय में मेरे द्वारा अधिकृत श्री ओमप्रकाश यादव, पदनाम- सुपरवाइजर को सोसाइटी के कार्यालय में अथवा श्री प्रियांश कुमार ध्रुव, पदनाम- सहायक ग्रेड-3 को कार्यालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला-रायपुर में कार्यालयीन दिवसों पर कार्यालयीन समय में सूची के प्रकाशन दिनांक 06/04/2026 से 16/04/2026 में प्रस्तुत कर सकता है। सदस्यों द्वारा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण, सोसाइटी कार्यालय में (दिनांक) 17/04/2026 को (समय) दोपहर 12 बजे से किया जायेगा।

दावे एवं आपत्तियों के निराकरण की तिथि को, सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। ऐसे दावे/आपत्तियों के संबंध में व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जायेगी। यदि किसी सदस्य को कोई दावा या आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार दावों या आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा।

**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**अविनाश केपिटल होम्स - 2 (अपार्टमेंट)**
**आवासीय सहकारी समिति मर्यादित, सड्डू, रायपुर**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# आत्मानंद विद्यालयों के 751 प्राचार्यों से पूछेगा डीपीआई-इंग्लिश सुधारने क्या किया? नीट-जेईई तैयारी का रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में संचालित 751 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालयों के प्राचार्यों को लोक शिक्षण संचालनालय ने राजधानी तलब किया है। इसके लिए समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को खत लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि अकादमिक कार्यों के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए प्राचार्यों की बैठक 9 अप्रैल को पं.दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी। इसमें प्रदेशभर के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्य शामिल होंगे। बैठक के एजेंडे भी साझा किए गए हैं।

प्राचार्यों से पूछा जाएगा कि बोर्ड रिजल्ट के लिए सत्र 2025-26 एवं 2026-27 में विद्यालय का लक्ष्य क्या था? मार्च-अप्रैल में हो चुकी परीक्षाओं को लेकर किए गए उनके प्रयासों के अतिरिक्त अगले शैक्षणिक सत्र में छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के लिए कौन सी योजनाएं बनाई गई हैं, इस पर भी चर्चा होगी। नीट व जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। एडमिशन पर चर्चा करने के साथ अंग्रेजी भाषा में विद्यार्थियों की दक्षता के लिए विद्यालय द्वारा की गई कोशिशों की भी जानकारी देनी होगी।

## लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखा खत

### बताना होगा-विद्यालय को सुंदर बनाने क्या किया?

शिक्षक-अभिभावक बैठक माह में कब-कब आयोजित की गई और इसकी सफलता की दर कितनी रही, इसकी भी समीक्षा की गई। पालक अधिकारी द्वारा किए गए प्रयासों की भी समीक्षा बैठक में होगी। अन्य गतिविधियों में विद्यालयों की सफलता, विद्यालय के वातावरण को आकर्षक बनाने में विद्यालय द्वारा किए गए प्रयास, स्मार्ट क्लास रूम एवं पुस्तकालय के उपयोग, शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए विद्यालयीन आवश्यकताएं सहित नवाचार गतिविधियों पर चर्चा इस बैठक में होगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश में कहा है कि वे अपने जिले के समस्त सेजेस प्राचार्यों को निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।




### खराब हुआ है प्रदर्शन

गौरतलब है, फंड के अभाव में पिछले दो शैक्षणिक सत्र से स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के स्तर में कमी आई है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में प्रत्येक स्वामी आत्मानंद विद्यालय को संचालन के लिए पांच लाख रुपए की राशि वार्षिक रूप से प्रदान की जाती थी। बीते दो सत्रों से विद्यालयों को यह राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। यही कारण है कि विद्यालय रख-रखाव सहित अन्य चीजों पर पूर्व की तरह ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। कुछ स्कूलों द्वारा उधार में सामग्री मांगकर भी व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की गई है। हालांकि, इन बिंदुओं को बैठक के एजेंडे में शामिल नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### फिल्म निर्माण और अभिनय के लिए युवाओं का प्रशिक्षण कोर्स 4 मई से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फिल्म निर्माण और अभिनय के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर सामने आया है। देश की प्रतिष्ठित संस्था फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) पुणे द्वारा मई 2026 में तीन विशेष शॉर्ट टर्म कोर्स आयोजित किए जा रहे हैं। ये कोर्स छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसाइटी के सहयोग से जनमंच सड्डु में आयोजित होंगे। फिल्म संस्था द्वारा 4 मई से 24 मई के बीच कुल तीन अलग-अलग विषयों पर कोर्स संचालित किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एफटीआईआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 24 अप्रैल शाम 6 बजे तक निर्धारित की गई है। इस कोर्स का निर्देशन प्रख्यात विशेषज्ञ प्रशांत सी. रावल द्वारा किया जाएगा। इस कार्यशाला का संचालन डॉ. मिलिंद दामले करेंगे। इस कोर्स के लिए 60 सीटें उपलब्ध है, जिसकी फीस 5500 रुपए है।

### स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों ने कराई जांच



**रायपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सांस्कृतिक भवन चंगोराभाठा में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में आए लगभग 200 लोगों में से 136 लोगों का डिजिटल चेस्ट एक्स-रे किया गया, साथ ही 24 असामान्य एक्स-रे वाले व्यक्तियों का बलगम सैंपल एकत्रित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में हुए शिविर का मुख्य उद्देश्य टीबी रोग की जल्द पहचान और उसके उन्मूलन के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर खट्टर कर चुके हैं लोकसभा में स्पष्ट

# स्मार्ट मीटर में अब प्रीपैड कनेक्शन की बाध्यता नहीं, पोस्टपैड का रहेगा विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



खास खबर

प्रदेश भर के बिजली उपभोक्ताओं के लिए यह एक बड़ी राहत की खबर है कि अब स्मार्ट मीटर लगाने वाले किसी भी उपभोक्ता को कनेक्शन प्रीपैड करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। उपभोक्ता अपनी मर्जी से पोस्ट पैड या फिर प्रीपैड का चयन कर सकेंगे। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर लोकसभा में यह स्पष्ट कर चुके हैं कि किसी भी उपभोक्ता पर प्रीपैड कनेक्शन थोपा नहीं जाएगा।उपभोक्ता चाहे तो प्रीपैड कनेक्शन का विकल्प चुन सकते हैं। ऐसे में अब तय हो गया है कि प्रदेश में भी प्रीपैड की बाध्यता नहीं होगी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि जैसा केंद्र सरकार का निर्देश होगा, उसी के हिसाब से काम होगा। लेकिन सरकार कनेक्शनों को यहां पर प्रीपैड करने की तैयारी अब भी चल रही है। इसका फैसला प्रदेश सरकार ने ही किया है। ऐसे में सरकारी विभागों के कनेक्शन जरूर प्रीपैड हो जाएंगे अगर प्रदेश सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला तो।

- विद्युत अधिनियम 2003 में प्रीपैड का प्रावधान ही नहीं है

प्रदेश के 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक 35 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। बचे मीटरों को भी लगाने का काम चल रहा है। स्मार्ट मीटर योजना का जब प्रारंभ किया गया था तब यही कहा गया था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद सारे कनेक्शनों को प्रीपैड कर दिया जाएगा और रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रीपैड कनेक्शन को पहले अनिवार्य बताया जा रहा था। कई राज्यों में कनेक्शन प्रीपैड कर दिए गए हैं।

### एक्ट में प्रावधान ही नहीं

उप्र में उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को प्रीपैड कर दिया गया है। इसके बाद इसको लेकर राज्य उपभोक्ता परिषद ने इस पर सवाल खड़ा किया था और बताया गया था कि यह विद्युत अधिनियम की धारा 2003 की धारा 47 (5) का उल्लंघन है। इस धारा में प्रीपैड का कोई प्रावधान ही नहीं है। ऐसे में जब यह मामला लोकसभा में उठा तो केंद्रीय मंत्री मनोहर खट्टर ने भी इसी धारा का उल्लेख करते हुए बताया कि इस धारा में प्रीपैड अनिवार्य नहीं है। उपभोक्ता चाहे तो यह विकल्प चुन सकते हैं। इसी के साथ उन्होंने यह भी बताया कि जिन भी राज्यों में उपभोक्ताओं ने प्रीपैड को चुना है, वहां पर उपभोक्ताओं को फायदा होने के साथ पॉवर कंपनियां का घाटा भी समाप्त हो गया है। अब तो केंद्रीय ऊर्जा प्राधिकरण ने संशोधित अधिसूचना भी जारी कर दी है।

### अब भी सरकारी कनेक्शन प्रीपैड करने की तैयारी

प्रदेश में सरकारी कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी चल रही है। वैसे तो ये अप्रैल से हो जाने थे, लेकिन ब्लाक स्तर के जिन 45 हजार कनेक्शनों को प्रीपैड किया जाना है, उनके द्वारा रीचार्ज न कराने के कारण अब अगले माह से इन कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अब तक प्रदेश सरकार की तरफ ने इन कनेक्शनों को प्रीपैड न करने के बारे में कोई निर्देश नहीं हैं। ऐसे में आज की स्थिति में इनको प्रीपैड करने की तैयारी चल रही है। अगर प्रदेश सरकार ने कनेक्शनों को प्रीपैड करने से मना कर दिया तभी ये कनेक्शन प्रीपैड नहीं होंगे।

## देंगे निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श

# निजी अस्पताल उठाएंगे हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मातृ एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाने स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों के साथ मिलकर नई पहल की है। निजी अस्पताल कम से कम दो उच्च जोखिम की श्रेणी में शामिल महिलाओं को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श देंगे। साथ ही सतत निगरानी एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को विशेष परामर्श प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय कार्यक्रमों के उन्मुखीकरण एवं उच्च जोखिम गर्भवती माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में आईएमए, हास्पिटल बोर्ड, फॉग्सी सहित अन्य संगठन से जुड़े डॉक्टर भी शामिल हुए। बैठक में जिले के मातृ एवं शिशु मृत्युदर को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए वर्तमान में चिकित्सकीय सुविधाओं का लगातार उन्नयन करने के साथ गर्भवती महिलाओं के परिवार को सुरक्षित मातृत्व की जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया है। इस दौरान जिले के तमाम निजी अस्पतालों को कम से कम दो एचआरपी महिलाओं की जिम्मेदारी लेकर उन्हें निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं देखभाल करने कहा गया। इस दौरान सीएमएचओ ने बताया कि वर्तमान में जिला रायपुर में प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को जिले के समस्त सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में उच्च जोखिम वाली समस्त गर्भवती महिलाओं को निशुल्क प्रसव पूर्व जांच एवं विशेष परामर्श प्रदान किया जा रहा है।

## बिजनेस साइट

### श्री बालाजी रेडीमेड गारमेंट सेल में ग्राहकों की भीड़, आकर्षक ऑफर्स बना मुख्य आकर्षण



**रायपुर।** शहर में इन दिनों 'श्री बालाजी रेडीमेड गारमेंट सेल' खरीदारी का प्रमुख केंद्र बन गई है। व्यापार में आई सुस्ती के बीच शुरू की गई इस मेगा सेल में बड़ी मात्रा में स्टॉक को रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्राहकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सेल में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए परिधानों की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत की गई है। फैन्सी टॉप्स, कुर्तियां, साड़ियां, जींस कैप्री, कॉटन शर्ट्स और स्पोर्ट्स टी-शर्ट्स पर विशेष छूट दी जा रही है। समर सीजन को ध्यान में रखते हुए हल्के वजन की साड़ियां और ट्रेंडी कुर्तियां ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। वहीं बच्चों के कपड़ों पर भी किफायती ऑफर उपलब्ध हैं। खरीदारों की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर 50 वीआईपी काउंटर बनाए गए हैं, जिससे भीड़ के बावजूद खरीदारी सुगम बनी हुई है। इसके अलावा निशुल्क पार्किंग और प्रवेश की व्यवस्था भी की गई है। यह सेल 10 अप्रैल 2026 तक गुढ़ियारी बहादुर हॉल, गढ़ कलेवा के पास, राममंदिर गेट नंबर-3 के सामने आयोजित की जा रही है।

### मॉडल इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परिणाम दिवस संपन्न



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित मॉडल इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परिणाम दिवस उत्साह और उल्लास के वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र एवं अभिभावक शामिल हुए, जिससे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। छात्र अपने अभिभावकों के साथ परिणाम जानने के लिए उत्सुक नजर आए। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से संवाद कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति और प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी साझा की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, वहीं विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्रों ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम और अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी। प्राचार्य ने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल की छात्रा प्रांजुश्री का जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में चयन



**रायपुर।** शहर के एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा प्रांजुश्री सोमानी का चयन प्रतिष्ठित आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 के लिए हुआ है। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 11 से 26 जून 2026 तक सूहल, जर्मनी में आयोजित की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, प्रांजुश्री की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासित प्रशिक्षण और शूटिंग खेल में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयन से न केवल छात्रा, बल्कि विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। डायरेक्टर प्रशासन एसके तोमर एवं प्राचार्य डॉ. अविनाश पांडेय ने प्रांजुश्री को बधाई देते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# मामूली विवाद पर हत्या, सहकर्मी के सिर पर पाना से किया वार, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र अंतर्गत एग्रो इंडस्ट्रीज एंड कोल्ड स्टोरेज कंपनी में कार्यरत दो कर्मचारियों के बीच मामूली बात पर हुए विवाद की परिणीति हत्या का रूप में हुई। एक कर्मचारी ने दूसरे के सिर पर लोहे के पाना से कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के कुछ घंटों के भीतर ही पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है।

- कुम्हारी स्थित एग्रो इंडस्ट्रीज एंड कोल्ड स्टोरेज कंपनी की घटना
- आरोपी और मृतक इसी कंपनी में करते थे कार्य

### घटना के कुछ घंटों के भीतर आरोपी पकड़ा गया

*इधर इस घटना के बाद हत्या का आरोपी रमाकांत निवासी ग्राम मझियारकला थाना रामपुर बघेलान सतना मध्यप्रदेश फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के छिपने के कई ठिकानों पर छापा मारने के बाद उसे गिरफ्तार किया है। इस मामले में उसके विरुद्ध धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।*

### वॉल्व बंद करने की बात पर हुआ विवाद

उरला थाना प्रभारी के अनुसार, प्रार्थी विकास कुमार अग्रवाल ने 6 अप्रैल की रात पुलिस को सूचना दी थी कि कुम्हारी स्थित गर्ग एग्रो इंडस्ट्रीज एवं कोल्ड स्टोरेज कंपनी में मृतक संतोष सोनवानी और रमाकांत तिवारी कार्य करते हैं। शाम करीब 6 बजे के वॉल्व बंद करने की बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि अन्य कर्मचारियों को बीचबचाव करना पड़ा। इसके बाद मामला शांत भी हो गया, लेकिन रात में जब संतोष सोने के लिए अपने कमरे में गया। इसी दौरान रमाकांत ने लोहे के पाना से उसके सिर पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिरकर बेहोश हो गया। इस घटना के बाद अन्य कर्मचारियों की मदद से घायल संतोष को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

# कंबाइंड डिफेंस के लिए 3, जबकि एनडीए के लिए बनाए गए 5 केंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कंबाइंड डिफेंस सर्विस एवं नेशनल डिफेंस अकेडमी एंड नेवल अकेडमी एग्जामिनेशन का आयोजन 12 अप्रैल को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। सीडीएस प्रथम पाली प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक तथा तृतीय पाली शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक निर्धारित की गई है। यह परीक्षा 3 केंद्रों राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाल आश्रम परिसर कचहरी चौक, पीजी उमाठे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला शांति नगर एवं डागा गर्ल्स कॉलेज बाल आश्रम परिसर कचहरी चौक में आयोजित की जाएगी।

- 12 अप्रैल को यूपीएससी आयोजित करेगा यह परीक्षा

### एनडीए दो पालियों में

*वहीं एनडीए परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न होगी। यह परीक्षा जिले के 5 परीक्षा केंद्रों लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला गुरुकुल परिसर कालीबाड़ी रोड, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लालपुर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय कन्या विद्यालय, रायपुर कॉन्वेंट स्कूल जनता कॉलोनी एवं श्री शंकराचार्य इंस्टिट्यूट सेजबहार में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर उपेन्द्र किण्डो को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा रोजगार अधिकारी केदारनाथ पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। अन्य दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।*

**दादाबाड़ी धाम में आज गूंजेगा महामंत्र** ** रायपुर। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में 9 अप्रैल को विश्व के 120 देशों में एक साथ "विश्व नवकार महामंत्र दिवस" का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एमजी रोड स्थित दादाबाड़ी धाम में सुबह 7.02 बजे से 9.36 बजे तक सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

टैक्सी चाहिए
रायपुर शहर से अभनपुर में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## अब 70 प्रतिशत नकद और 30 प्रतिशत खाद-बीज, दवा के लिए दिए जाएंगे

# किसानों को अब कर्ज में मिलेगी ज्यादा नकदी रकम सहकारी बैंक ने 60-40 का पुराना फार्मूला बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऋण वितरण की नई नीति जारी कर दी है। इस बार सबसे महत्वपूर्ण बदलाव ऋण वितरण के अनुपात में किया गया है। अब किसानों को स्वीकृत ऋणमान का 70 प्रतिशत हिस्सा नकद के रूप में मिलेगा, जबकि शेष 30 प्रतिशत हिस्सा वस्तु (खाद-बीज और कीटनाशक) के रूप में दिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले तक किसानों को 60 प्रतिशत नकद और 40 प्रतिशत वस्तु के अनुपात में ऋण उपलब्ध कराया जाता था।




### नकद राशि बढ़ने से किसानों को मिलेगी राहत

नकद ऋण की सीमा 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से किसानों के पास खेती की अन्य जरूरतों, जैसे मजदूरी भुगतान और जुताई आदि के लिए अधिक नकद राशि उपलब्ध होगी। बैंक द्वारा जारी निर्देशानुसार, वर्ष 2026-27 के लिए धान सिंचित हेतु 66 हजार रुपए और धान असिंचित हेतु 49 हजार 500 रुपए प्रति हेक्टेयर का ऋणमान तय किया गया है। इसी आधार पर 70:30 के नए फार्मूले से नकद और वस्तु का वितरण किया जाना निर्धारित है।

### क्षेत्रवार ऋण सीमा तय

रायपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद और धमतरी जिलों के लिए जहां अधिकतम सीमा 66 हजार रुपए है, वहीं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के भटगांव और सरसींवा क्षेत्रों के लिए सिंचित धान हेतु 60 हजार 500 रुपए प्रति हेक्टेयर की सीमा निर्धारित की गई है। समितियों को प्रारूप 01, 02 और 03 में किसानों का विवरण तैयार कर समयसीमा के भीतर बैंक शाखाओं में प्रस्तुत करने को कहा गया है, ताकि वितरण प्रक्रिया में कोई देरी न हो।

### किसान मजदूर संघ ने की थी पहल

खास बात ये है कि किसानों को 70-30 के अनुपात में ऋण देने की मांग सबसे पहले किसान मजदूर संघ छत्तीसगढ़ रायपुर के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने की थी। इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभागों, जैसे पंजीयक सहकारिता व अन्य विभागों के साथ कई बार पत्र व्यव्हार भी किया था। काफी कोशिशों के बाद आखिरकार यह व्यवस्था अब लागू की जा रही है। किसानों को यह ऋण लेने के लिए अपने क्षेत्र की समिति में बी-1 की नकल, ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड (पासबुक) चेकबुक, पेश करने पर ऋण मिलेगा।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 शादी-पार्टी में सजावट में गेंदा-गुलाब ...

## लाइव इवेंट

## सौंदर्य और स्किन केयर के प्रति सजगता बढ़ाने पहल



**रायपुर।** शांति नगर स्थित विमतारा भवन में जेसीआई रायपुर वामांजली द्वारा 'ग्रेस एंड ग्लो' विशेष ब्यूटी एवं सेल्फ ग्रूमिंग के प्रति सजगता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण क्लास का आयोजन किया गया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सौंदर्य एवं स्किन केयर के प्रति जागरूक करने की गई पहल में भारी तादाद में प्रतिभागी भी बनीं। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध ब्यूटी एक्सपर्ट अनुश्री टुटेजा उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को सेल्फ मेकअप की बारीकियों को बेहद सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। उन्होंने विभिन्न मेकअप तकनीक के साथ कई प्रोडक्ट्स की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कम बजट में किस प्रकार बेहतरीन लुक प्राप्त किया जा सकता है।

### त्वचा की सही देखभाल करने दी उपयोगी जानकारी



साथ ही प्रसिद्ध ब्यूटी एक्सपर्ट मीनाक्षी टुटेजा ने प्रतिभागियों को समर सीजन में स्किन केयर से जुड़े ब्यूटी टिप्स भी दिए। जिससे सभी को अपनी त्वचा की सही देखभाल करने की उपयोगी जानकारी मिली। प्रोग्राम की डायरेक्टर प्रीति शर्मा और दिशा रत्नानी, कोऑर्डिनेटर ईशानी तोतलानी, चैप्टर कोऑर्डिनेटर डॉ. अनन्या मिश्रा, इंचार्ज डॉ. संगीता अनल, अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, आईपीपी अकांक्षा प्रीत, सेक्रेटरी सरिता पटेल, पास्ट प्रेसिडेंट महक होतवानी एवं अर्चना द्विवेदी सहित 350 प्रतिभागियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस पहल ने सभी प्रतिभागियों को नई सीख, आत्मविश्वास एवं सौंदर्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान किया।

## सिटी इवेंट

## ईवी चार्जिंग संरचना, इलेक्ट्रिक ड्राइव्स और अन्य सहायक उपकरणों पर स्टूडेंट्स करेंगे रिसर्च



**रायपुर।** एनआईटी में बेंगलुरु स्थित एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। एलटीटीएस, जो इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता रखता है और ईवी चार्जिंग संरचना, इलेक्ट्रिक ड्राइव्स और अन्य सहायक उपकरणों के लिए उन्नत प्रयोगशालाओं और परीक्षण सुविधाओं का संचालन करता है, इस सहयोग के माध्यम से अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए काम किया जाएगा। यह साझेदारी आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में योगदान करेगी। इस एमओयू पर एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव और एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज के मुख्य प्रधान आर्किटेक्ट इंजीनियर वासु एम. द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर डीन डॉ. शुभ्रता गुप्ता, डीन पी एंड डी डॉ. जीडी रामटेककर, हेड सीडीसी डॉ. समीर बाजपेयी, डीन सीआर एंड आरएम प्रोफेसर एस. सान्याल औए अन्य फैकल्टी मेम्बर्स उपस्थित रहे।

### इन क्षेत्रों में स्टूडेंट्स को शोध का मिलेगा अवसर

स्टूडेंट्स इलेक्ट्रिक मशीनों में सभी मोटर प्रौद्योगिकियां, इलेक्ट्रिक वाहन के लिए उन्नत नियंत्रण एल्गोरिदम, उन्नत पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्रों में शोध कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, यह एमओयू स्टार्टअप इन्क्यूबेशन और उद्योग-उन्मुख अनुसंधान पहलों का समर्थन करेगा। समझौते के तहत, एलटीटीएस का बेंगलुरु स्थित कार्यालय एनआईटी के छात्रों के लिए औद्योगिक दौरे, इन-प्लांट प्रशिक्षण और छात्र परियोजनाओं के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा। कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए अनुकूलित शॉर्ट-टर्म कोर्स, सेमिनार, कार्यशालाएं और संगोष्ठी आयोजित करेगा। इस सहयोग में इंटर्नशिप अवसरों और नियमित परियोजना समीक्षाओं का भी समावेश होगा।

### ये होंगे कॉर्डिनेटर अधिकारी

यह सहयोग एनआईटी के डॉ. सचिन जैन, डॉ. शुभोजित घोष, डॉ. डी. सुरेश, डॉ. राजन कुमार और डॉ. रविंद्र चौहान द्वारा समन्वित किया जाएगा। जबकि एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज से इंजीनियर वासु एम., मुख्य प्रधान आर्किटेक्ट राहुल सिंह इस परियोजना में शामिल होंगे। एनआईटी रायपुर, एलटीटीएस के ई-मोबिलिटी लैब बेंगलुरु में एक पीएचडी छात्र की नियुक्ति की संभावना पर विचार करेगा, ताकि वे एलटीटीएस की ईवी प्रैक्टिस टीम के साथ मिलकर काम कर सकें। इसके अलावा एनआईटी और एलटीटीएस मिलकर प्रबंधन और तकनीकी उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे और सहयोगात्मक अनुसंधान करेंगे।

● पं. रविवि के सभागार में इग्नू ने विद्यार्थियों को बांटी डिग्री, ट्रिपल आईटी में आज 21 युवाओं को मिलेगी पीएचडी की उपाधि

# युवा उत्साह से सजा इग्नू का दीक्षांत, लक्ष्मी को मिला गोल्ड मेडल, ट्रिपल आईटी में फुल ड्रेस रिहर्सल

'युवाओं के उत्साह से सजे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 39वें दीक्षांत समारोह शुरू होने से पहले सभी छात्र-छात्राओं को जरूरी सामग्री दी गई। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का सभागार दीक्षांत समारोह का साक्षी बना। समारोह का इग्नू मुख्यालय दिल्ली से सुबह 10.30 बजे उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ किया गया। इसके बाद दो लोगों को पहले क्रम में गोल्ड मेडल के लिए आमंत्रित किया गया। इनमें के. लक्ष्मी राव ने मेडल प्राप्त किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं को डिग्री दी गई। वहीं, दूसरी तरफ ट्रिपलआईटी का दीक्षांत समारोह 8 अप्रैल को होने वाला है। इससे पहले मंगलवार की शाम सभागार में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया।'




### क्षेत्रीय केन्द्र ने वितरित की 1152 उपाधि



क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि इस बार विभिन्न विषयों की पढ़ाई करने वाले प्रदेशभर के कुल 1152 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जा रही हैं। जबकि देशभर में संचालित इग्नू के 60 केन्द्रों से जुड़े 2,99,092 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गईं। केन्द्र निदेशक के संबोधन के बाद अन्य छात्र-छात्राओं को उपाधि वितरित करने का सिलसिला शुरू हुआ। वहीं, मास्टर ऑफ ज्योतिष के लिए गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली के. लक्ष्मी राव ने चर्चा में बताया कि कोरबा स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी उत्कृष्ट विद्यालय एनसीडीसी में व्याख्याता के पद पर सेवा दे रही हूं। 6वीं क्लास से ही संस्कृत में रुचि रही, इसलिए इस विषय पर फोकस किया। लगातार मिली सफलता ने दो साल में मेडल तक पहुंचा दिया।







**रायपुर।** उपराष्ट्रपति ने देशभर में संचालित इग्नू के 60 क्षेत्रीय केन्द्रों में मेडल एवं डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर से संबोधन सुनने का अवसर मिला। इस बार रायपुर क्षेत्रीय केन्द्र से मास्टर ऑफ सोशल वर्क के लिए विकास वैभव खरे को गोल्ड मेडल प्रदान करने के आमंत्रित किया गया, लेकिन वह पारिवारिक कारणों से गोल्ड मेडल लेने के लिए दीक्षांत समारोह में भी शामिल नहीं हुए। वहीं, के. लक्ष्मी राव को मास्टर ऑफ ज्योतिष के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। इसे देने के लिए पंडित रविवि के कुलपति प्रो. डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल और इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. गौडा राजेन्द्र मंचस्थ थे।

### समारोह में राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे अतिथि

## ट्रिपल आईटी का दीक्षांत समारोह आज, बटेंगी कुल 553 उपाधियां

**रायपुर।** आज ट्रिपल आईटी नया रायपुर का 4वां दीक्षांत समारोह संस्थान के ऑडिटोरियम में सुबह 11.30 बजे से आयोजित किया गया है। ट्रिपल आईटी के 4वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर कुल 21 पीएचडी, 25 एमटेक, 1 एमएस रिसर्च एवं 506 बीटेक की डिग्री स्टूडेंट्स को प्रदान की जाएंगी। समारोह में बीटेक में सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए 3 गोल्ड मेडल, उत्कृष्ट नवाचार के लिए 3 चेयरमैन गोल्ड मेडल, ट्रांसफॉर्मेशनल लीडरशिप के लिए 3 अजय चौधरी गोल्ड मेडल, बीटेक में उच्चतम सीजीपीए के लिए 9 सिल्वर मेडल, एमटेक में उच्चतम सीजीपीए के लिए 5 सिल्वर मेडल मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस दीक्षांत समारोह में 2023 से 2025 बैच के स्टूडेंट्स शामिल हो रहे हैं।



समारोह का दीक्षांत भाषण प्रो. उमेश वी. वाघमारे (अध्यक्ष, जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र बेंगलुरु) द्वारा दिया जाएगा। प्रो. वाघमारे एक प्रख्यात भौतिक विज्ञानी एवं सामग्री वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने आईआईटी बॉम्बे से बीटेक व येल विश्वविद्यालय से पीएचडी की है और हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान किया है। वहीं, समारोह में किरण देशपांडे अतिथि सम्मान के रूप में उपस्थित रहेंगे, जो एक प्रतिष्ठित तकनीकी उद्यमी हैं। वे वर्तमान में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में निवेशक, मेंटर एवं वैश्विक मंचों पर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।




### समारोह से पूर्व अभ्यास और एल्यूमिनी नाइट

स्टूडेंट्स के लिए दीक्षांत समारोह से पूर्व संध्या अभ्यास सेशन का आयोजन किया गया। इसमें स्टूडेंट्स को परंपरा व अनुशासन के साथ डिग्री ग्रहण करने का अभ्यास कराया गया। वहीं, ट्रिपल आईटी के परंपरा अनुसार दीक्षांत के पूर्व संध्या पर स्टूडेंट्स के लिए एल्यूमिनी नाइट्स का भी आयोजन किया गया। इसमें 2023 से 2025 बैच के स्टूडेंट्स शामिल हुए।

### पारंपरिक रूप से समारोह का होगा आयोजन

समारोह में अकादमिक प्रोसेशन, सरस्वती वंदना, मेडल वितरण, छात्र शपथ एवं उपाधि प्रदान करने जैसी पारंपरिक गतिविधियां शामिल होंगी। यह दीक्षांत समारोह संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डेटा साइंस के क्षेत्र में उसकी बढ़ती पहचान को दर्शाता है तथा देश के लिए सक्षम तकनीकी नेतृत्व तैयार करने की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है।

कमल विहार स्थित माहेश्वरी भवन में किया गया 'ग्रैंड पाठशाला फनफेस्टा' का आयोजन

# आंगन में उमड़ा छत्तीसगढ़-ओडिशा का संस्कार 76 पाठशाला के बच्चों और शिक्षकों का अनूठा संगम

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और ओडिशा अंचल से जुड़ी नई पीढ़ी को धर्म और संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से पहल की गई। समता संस्कार पाठशाला के माध्यम से घर के आंगन में जिस तरह का वातावरण पहले बनता रहा, उसी तरह से आंगन को गुलजार करने की मंशा से एक भव्य आयोजन किया गया। कमल विहार स्थित माहेश्वरी भवन में जैन समाज की पहल पर 'ग्रैंड पाठशाला फनफेस्टा' का रंगारंग आयोजन किया गया। इस कड़ी में मंगलवार को बच्चों ने खेल-खेल में जीवन के अनमोल संस्कार सीखे। फनफेस्टा में अंचल के 76 गांवों और शहरों से 600 बच्चे और 135 शिक्षिकाएं शामिल हुईं। पाठशाला की अंचल संयोजिका वंदना धाडीवाल और उनकी नौ क्षेत्रीय प्रभारियों की टीम ने अवसर को रोचक बनाया। दिनभर चले इस आयोजन में बच्चों के लिए गेम्स, मस्ती और लजीज व्यंजनों के साथ कई ज्ञानवर्धक गतिविधियां भी करवाई गईं।



### शिक्षिकाओं के लिए होंगे ट्रेनिंग कैंप

वंदना धाडीवाल ने बताया कि इस तरह के आयोजन भविष्य में अन्य शहरों में किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक बच्चे पाठशाला से जुड़ सकें। पाठशाला में सेवा दे रहीं शिक्षिकाओं के लिए समय-समय पर ट्रेनिंग कैंप लगाए जाएंगे, जिससे वे बच्चों को और अधिक रोचक तरीके से शिक्षा दे सकें। वर्तमान में समता संस्कार पाठशाला छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 1800 बच्चों को धर्म के साथ परिवार के प्रति व्यावहारिक शिक्षा देने की पहल कर रहा है।



### दिग्गजों की उपस्थिति से बढ़ा उत्साह

इस आयोजन में श्री साधुमार्गी जैन संघ (छ.ग.-ओडिशा अंचल) के अध्यक्ष मोहनलाल बाफना, महिला समिति की अध्यक्ष वीणा श्रीश्रीमाल और रायपुर संघ के अध्यक्ष विजय मुथा विशेष रूप से शामिल हुए। चंदु बाफना (अध्यक्षा साधुमार्गी महिला समिति), अमित सुराना (अध्यक्ष, समता युवा संघ) और कीर्ति सुराना (अध्यक्षा, समता बहु मंडल) समेत समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपनी टीम के साथ शिरकत करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### भटकाव रोकने और संस्कार रोपने पहल

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही संस्कारों का बीजारोपण करना है। विकास धाडीवाल ने आगे बताया कि वर्तमान समय में जो बच्चे धर्म और परिवार से दूर होकर गलत संगत की ओर बढ़ रहे हैं, उन्हें सही राह पर लाना ही इस पाठशाला का लक्ष्य है। आयोजकों का मानना है कि संस्कारी बच्चे ही आगे चलकर मजबूत समाज का आधार स्तंभ बनेंगे।



● फूलों की वर्षा से ग्रैंड वेलकम, डेकोरेशन कल्चर के बढ़ते ट्रेंड से ऑल सीजन फ्लॉवर मार्केट गुलजार

# शादी-पार्टी में सजावट में गेंदा-गुलाब व शुभकामना भेंट के लिए सनफ्लॉवर्स, आर्चिड-बेबी बुके की बढ़ी डिमांड

अप्रैल महीने में शादी-पार्टी के सजावट के चलते फूलों की डिमांड बढ़ गई है। मंडप, कार की सजावट हो या फिर शुभकामना भेंट के लिए बुके सभी का एडवांस में बुकिंग कराया जा रहा है। इसमें गेंदा, गुलाब, सनफ्लावर्स, आर्चिड-बेबी की डिमांड सबसे अधिक हो रही है।

**रायपुर।** शहर के फूल चौक स्थित फूल विक्रेता रामानंद मिश्रा ने बताया कि बाजार में गर्मी के मौसम के चलते बाहर से आने वाले फूलों की कमी है। ऐसे में शादी-ब्याह के सीजन में देशी फूलों की आवक से पूर्ति हो पा रही है। प्रदेश में भी गुलाब, गेंदा और विदेशी प्रजाति के फूलों की खेती खूब होने से पहले की तरह फूलों की शॉर्टेज अब नहीं हो रही है। वहीं, कीमत में मौसम के चलते थोड़ी-बहुत उतार-चढ़ाव जरूर होता रहता है, लेकिन इससे राजधानी में कारोबार व डिमांड में कोई असर नहीं पड़ता। यहां शादी के सीजन के अलावा होटल्स, कॉलेज, पॉलिटिकल्स सभाओं में आए दिन फूलों की डेकोरेशन व बुके की डिमांड बनी रहती है। गर्मी के मौसम में फिलहाल फूल बाजार देशी फूलों की ताजगी से गुलजार हो रहा है। वहीं, देश के अलग-अलग शहरों से भी आवक बनी हुई है।



### लोटस विद गुलाब वरमाला दूल्हा-दुल्हन की पहली पसंद



फूल विक्रेता रिषभ साहू ने बताया कि शादी वरमाला में लोटस विद गुलाब दूल्हा-दुल्हन की पहली पसंद बन रही है। इसकी कीमत जोड़े में 1000 रुपए हैं। वहीं, शादी में शुभकामना भेंट देने आर्चीड विद बेबी बुके, गुलाब विद ममस बुके की सबसे अधिक मांग है। पर्शनल व प्रोफेशन वोकेशन के लिए प्योर गुलाब बंच की बुके और सनफ्लावर्स बुके की एडवांस बुकिंग हो रही है।

### दुर्ग-रायपुर सहित पुणे-बेंगलुरु से फूलों की आवक

देशी फूलों की आवक की बात करें तो इसमें गेंदा, गुलाब बड़ी मात्रा में दुर्ग और रायपुर जिले से आ रही है। इसके अलावा धमतरी, बेमेतरा, बलौदाबाजार से भी गेंदा, गुलाब, मोंगरा की आवक हो रही है। अगर बात करें विदेशी फूलों की तो लीलियम फूल, आर्किड फूल की आवक पुणे और बेंगलुरु से हो रही है। फूलों की आवक व सप्लाई में किसी भी तरह की कमी फिलहाल नहीं हैं।



### 250 रुपए से 1000 रुपए तक कीमत

गुलाब की पंखुड़ियां 250 रुपए तक प्रति किलो बिक रही हैं। वहीं, गेंदा फूल 80 से 100 रुपए प्रति किलो है। इसके अलावा लीलियम, आर्किड, गुलाब की बुके की बात करें तो इसकी कीमत करीब 700 रुपए से 1000 रुपए तक हैं। इसमें लिलियम बुके 1000 रुपए, गुलाब विद मम्स फूल बुके 700 रुपए तक कीमत में बिक रहा है।

# कुचिपुड़ी-भरतनाट्यम डांस फॉर्म में दुर्गा चालीसा

रंगमंदिर में नटरंग महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति बन रही आकर्षण का केंद्र

## सत्यभामा की जीवंत प्रस्तुति ने मोहा मन

**रायपुर।** मंगलवार को रंगमंदिर में आयोजित नटरंग महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य की अद्भुत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सांस्कृतिक उत्सव में भरतनाट्यम, कथक, और ओडिसी जैसी विधाओं के माध्यम से कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और लयबद्ध तालमेल से भारतीय कला की अद्भुत छटा बिखेरी, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण बनी। कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम डांस फॉर्म में दुर्गा चालीसा और सत्यभामा की जीवंत प्रस्तुति ने ऑडियंस को मंत्रमुग्ध कर दिया। सत्यभामा के रूप में कुचिपुड़ी फार्म में नृत्य करते हुए शास्त्रीय नृत्यांगना नायशा नागदेव ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों को अचंभित किया। वहीं, दूसरे प्रतिभागियों ने ग्रुप भरतनाट्यम डांस में 9 दुर्गा का रूप लेकर दुर्गा चालीसा की अद्भुत प्रस्तुति से नटरंग महोत्सव को यादगार बनाया। नटरंग महोत्सव के आयोजक संगीता कापसे ने बताया कि यह महोत्सव शास्त्रीय संगीत, नृत्य और अभिनय का मिश्रण प्रस्तुत करता है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन, बल्कि देश की पारंपरिक कलाओं का संरक्षण भी कर रहा है। महोत्सव 9 अप्रैल तक चलने वाला है, जो स्थानीय दर्शकों को शास्त्रीय नृत्य के विविध रूपों का अनुभव करने का अवसर प्रदान कर रहा है। इसमें हर उम्र वर्ग के शास्त्रीय नृत्य विधा के 700 से अधिक प्रतिभागी देश भर से भाग ले रहे हैं। 7 दिवसीय नटरंग महोत्सव रोजाना सुबह से शाम तक आयोजित हो रहा है।







### इन प्रतिभागियों ने दी अद्भुत प्रस्तुति

नटरंग महोत्सव के शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में भरतनट्यम की अनुपम मुद्राओं से नृत्य की प्रस्तुति देते हुए स्मिता दास, स्वेक्षा साव, स्मृति प्रिया, नव्या चौहान, जान्हवी गौतम, पी. द्विजा रॉय, मनतव्या पांडेय, सानवी अवदुत, शुभोमिता बिस्वास, महक गेंड्रे ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा पूरे दिन कुल 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी में प्रस्तुति दी।

### प्रतियोगिता के ये रहे जजेस

नटरंग महोत्सव में सुबह से शाम तक शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियों को जज करने कला गुरुओं की टीम उपस्थित रही। इनमें एक्पर्ट जजेस के रूप में भरतनाट्यम नृत्यांगना त्रिपा बंजारी, डॉ. राखी रॉय, कथक गुरु तरुण शर्मा और जुगराज वॉग रहे। इन एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी।

## सीनियर सिटीजन फोरम के स्थापना दिवस पर सम्मान



**रायपुर।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम ने वृंदावन हाल में फोरम की वार्षिक सामान्य सभा और स्थापना दिवस मनाया। हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में फोरम के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि विधायक पुरन्दर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्रो. डॉ. अरविंद नेरल का स्वागत किया। मंच पर फोरम के अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार के साथ संस्थापक केपी सक्सेना, डॉ.जेएस ऊरकुरकर,एसके.भार्गव, संरक्षक चतुर्भुज अग्रवाल, अनुराधा खरे, उपाध्यक्ष सरोज सैफी, पीके चटर्जी मंचस्थ रहे। मंच संचालन सचिव राजकुमार शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने फोरम की गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं दस लाख रुपए देने की मंच से घोषणा की। वहीं, विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविंद नेरल ने फोरम के 80 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले मेंबर्स का सम्मान किया।

### बैठक के लिए हाल उपलब्ध करवाने दी सहमति

प्रो. बीके चौरसिया, राजेन्द्र कुमार शुक्ला, चूड़ामणि, पद्मा भार्गव, डॉ. श्रीराम धुप्पड़, भूखन लाल वर्मा, राजकुमार शर्मा की मौजूदगी में डॉ. नेरल ने सामाजिक कार्यों में योगदान देने के लिए फोरम की महिलाओं का भी मंच पर सम्मान किया। डॉ. नेरल ने सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों को सराहना। साथ ही श्याम नगर में संचालित वृद्धाश्रम में फोरम को हॉल का उपयोग बैठक के लिए करने की सहमति दी। इसके बाद फोरम के पदाधिकारियों द्वारा वार्षिक आयोजनों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सामान्य सभा से जुड़ी गतिविधियों को अंतिम रूप देते हुए आयोजन का समापन किया।

## दादाबाड़ी में महिलाओं व बच्चों का तीन दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर कल



**रायपुर।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में विश्व नवकार दिवस 9 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 8.30 बजे से नवकार महामंत्र का जाप किया जाएगा। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि विश्व में युद्ध की आग भड़की हुई है। ऐसे समय में नवकार महामंत्र के नव पदों के उच्चारण की ध्वनि तरंगों से विश्व शांति, अहिंसा, जीव दया के वातावरण का निर्माण होगा। भयावह युद्ध, हिंसा के वातावरण में विश्व नवकार दिवस पर नवकार महामंत्र का जाप अहिंसा व शांति का संदेश देगा। पूरे भैरव सोसायटी, दावड़ा, वालफोर्ड, जैनम, आम्रपाली व आसपास के सभी जैन भाई-बहनों से आग्रह है कि मंदिर में आकर अथवा अपने घरों पर 8.30 बजे से नवकार महामंत्र का उच्चारणपूर्वक जाप करें। ट्रस्टी नीलेश गोलछा व टीकम जैन ने बताया कि प्रवर्तिनी श्री निपुणा श्री जी की सुशिष्या श्री स्नेहयशा श्री जी की निश्रा में श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिन कुशल सूरि जैन दादाबाड़ी का नवम ध्वजा महोत्सव 12 अप्रैल को होगा। इसमें संस्कारों का शंखनाद, स्वयं को जानो-पहचानो और पहुंचो विषय पर 9 से 11 अप्रैल तक महिलाओं व बच्चों का तीन दिवसीय जैन धार्मिक शिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि अहिंसा, सेवा, करुणा ही जैन धर्म का मूलमंत्र है। भगवान महावीर स्वामी के 'जियो और जीने दो' उपदेश पर चलकर ही विश्व शांति सम्भव है।

Education Time

CARDINAL WARRIORS
School with Josh & Hosh
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Affordable School + Sainik School Preparation
"Build Discipline, Intelligence & Future Defence Leaders from Early Classes"
★ Integrated Abacus + Vedic Maths
★ AISSEE Exam Preparation (No Extra Cost)
★ Focus on NDA + SSB Foundation
★ Modern Science & Technology Lab
★ Transport Facility Available
★ Admission Closing Soon
Limited Seats - Register Now
7880006456

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
Admission Open
For Pre Primary & Classes 1st - 12th (Maths, Bio, Arts, Com.)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil Lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 94252-14413, 93296-21221
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
• Spoken English & Personality Development
• Safe & Reliable Transport with Surveillance
• Smart Learning with activity based teaching methods
• Regular Seminars, competitions & interactive sessions
• Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)

Bright Kids ACADEMY
Bright Kids - Where Fun Meets Learning!"
Activity-Based Curriculum for Happy, Smart Learners
ADMISSION OPEN! Session: 2026-27
PRESCHOOL
Playgroup Nursery LKG UKG
DAYCARE CENTRE
Transportation Facilities Available
+91 96696 53335, 78282 53335
'Hands on... Minds on' Curriculum
Air-Conditioned Classrooms & Safe, Hygienic Campus
Smart Book Kits, DIY portal & Montessori Toy Library
Experienced, Caring Educators
CCTV Secured Campus
Web.: https://brightkidmont.com/schools/best-pre-school-in-raipur-bright-kids-academy
Address: Near Ramkrishna Hospital, Triveni Vihar, Pachpedi Naka Raipur (C.G.)

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Pre-Primary, Classes 1st to 12th
(Maths, Bio, Com. Arts)
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558.
Transport Service Available
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes

CARDINAL WARRIORS JUNIORS SCHOOL
Bhatagaon, Near Vardhman Motors, Raipur, C.G-492013
UDISE No: 22110417914
Most Affordable School With Integrated Abacus, Vedic Maths And All India Sainik School Exam Preparation Without No Any Extra Cost.
ADMISSION OPEN FOR REGISTRATION (Season 26-27)
Facilities:
Abacus & Vedic Maths
Mnemonic and AISSEE
Science & Technology Lab
Transport Facility
Our Website - www.cardinalwarriors.com
Email Address - enquiry@cardinalwarriors.com
Affordable Fees 9303537872
Contact to Add Your School - 7987119756

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

JOSPO FEEL THE ENERGY
Sunday Open
शीतल कूलर के निर्माता
डक्टिंग कूलर, हॉल वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार
कूलर हाउस
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

COMPASSION CARE SERVICE

BHIMSERIA

AN AIIMS NEW DELHI Alumni Venture

# भीमसेरिया हॉस्पिटल

Advanced Eye Centre

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH PRE ACCREDITED

## डॉ. प्रमोद कुमार भीमसेरिया

एम.डी. (AIIMS, नई दिल्ली) PGI चंडीगढ़ से प्रशिक्षित

सुप्रसिद्ध वरिष्ठ नेत्र सर्जन

**रायपुर में विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध**



### हमारी सेवाएं

- मोतियाबिंद
- आँखो के पर्दे की जाँच
- आँखो की पुतली की जाँच
- ग्लूकोमा
- ओकुलोप्लास्टी
- आप्टिकल एवं दवाइंया

आपकी आँखों की सबसे बेहतरीन एवं आधुनिकतम जाँच व शल्यक्रिया (ऑपरेशन) के लिए

## भीमसेरिया हॉस्पिटल, रायपुर

## दाँतो की सर्वोत्तम देखभाल

### डॉ. दिव्या (भीमसरिया) अग्रवाल

बी.डी.एस. एम.आई.डी.ए.

कॉस्मेटिक डेन्टल सर्जन



**कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्धः-**

- हेल्थ इंश्योरेंस और TPA से अनुबंधित
- CGHS (केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना)
- आयुष्मान भारत योजना
- CSPDCL (छत्तीसगढ़ बिजली विभाग)
- ESIC(कर्मचारी राज्य बीमा योजना)

## निःशुल्क दांतो का जांच एवं परामर्श*

0 ₹/-

## निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श*

8 अप्रैल 2026 से 20 अप्रैल 2026

समयः सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक

* ऑफर पूर्व रजिस्ट्रेशन पर ही उपलब्ध

| *ऑफर में निम्नलिखित सुविधाएँ सम्मिलित है | विशेषज्ञ द्वारा परामर्श | चश्में की नंबर की जाँच | ग्लूकोमा स्क्रीनिंग आई ओ पी जाँच | Slit Lamp Examination |
|---|---|---|---|---|

रजिस्ट्रेशन के लिए नाम उम्र तारीख समय व्हाट्सएप करें या कॉल करें

SUN SUNDAY OPEN

092384-48862 88899-62453, 89622-93837

विधानसभा मेन रोड, सफायर ग्रीन्स कॉलोनी के बाजू, आमासिवनी, रायपुर (छ.ग.)

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 'बीटीएस 2.0' का ऐलान फैंस काफी उत्साहित

मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने 'बीटीएस 2.0' का एलान किया है। इससे फैंस काफी उत्साहित हैं। यह ग्रुप जल्द ही वर्ल्ड टूर पर निकलेगा।



दुनिया भर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। उन्होंने नेटफ्लिक्स के कॉन्सर्ट स्पेशल 'बीटीएस द कमबैक लाइव एरिरंग' के दौरान अपने एक नए दौर की शुरुआत का ऐलान किया है। इसका नाम 'बीटीएस 2.0' है।

2022 के बाद पहली बार सियोल के ग्वांगह्वामुन स्क्वायर में बीटीएस के कार्यक्रम को लाइव-स्ट्रीम किया गया। 2022 में सदस्यों ने अपनी अनिवार्य सैन्य सेवा पूरी करने के लिए इसे रोक दिया था। शो के दौरान फैंस को संबोधित करते हुए, सदस्य जे-होप ने कोरियाई भाषा में आभार व्यक्त किया और 'बीटीएस 2.0' की घोषणा की। उन्होंने कहा 'बीटीएस 2.0 की तो अभी बस शुरुआत हुई है!' ग्रुप के एक और सदस्य जिन ने कहा, 'इंतजार करने के लिए शुक्रिया।' इस तरह उन्होंने उस ग्लोबल फैनबेस का आभार जताया जिसने ग्रुप के ब्रेक के दौरान भी उनका साथ दिया। लीडर आरएम ने कहा, 'चाहे कुछ भी हो जाए, हम साथ मिलकर आगे बढ़ते रहने का वादा करते हैं।' इस कॉन्सर्ट में 'एरिरंग' के आठ गानों का लाइव डेब्यू हुआ, साथ ही बीटीएस के कुछ सबसे बड़े हिट गाने जैसे 'बटर', 'डायनामाइट' और 'माइक ड्रॉप ' भी पेश किए गए। इस परफॉर्मेंस ने ग्रुप की मौजूदगी को दोबारा स्थापित किया। इससे उन्होंने बड़े स्तर पर अपनी वापसी का संकेत दिया।

इतना ही नहीं नेटफ्लिक्स ने 'बीटीएसः द रिटर्न' नाम की एक डॉक्यूमेंट्री का भी एलान किया है।

### टॉलीवुड

# इस अंदाज में 'पेद्दी पहलवान' दिखे कुश्ती में हाथ आजमाते, आया रामचरण का नया लुक

साउथ स्टार राम चरण के जन्मदिन के मौके पर 'पेद्दी' के मेकर्स ने फिल्म से राम चरण का नया लुक और पहली झलक साझा की है। मेकर्स की ओर से साझा की गई इस झलक




में राम चरण पेद्दी पहलवान के किरदार में नजर आ रहे हैं। अखाड़े में कुश्ती में हाथ आजमाते राम चरण का ये लुक और पहली झलक जमकर सुर्खियां बटोर रही है। मेकर्स ने राम चरण का जो नया पोस्टर साझा किया है, उसमें एक्टर एक पहलवान के तौर पर नजर आ रहे हैं। पोस्टर में राम चरण लंघोट में अखाड़े में बैठे हुए हैं। वो एक भारी सी गदा को पकड़े हुए उस पर अपना सिर टिकाए हुए हैं। पोस्टर में राम चरण बड़े बालों में सिर पर चोटी बांधे हुए हैं।

उनकी जबरदस्त बॉडी फिल्म के लिए की गई उनकी मेहनत को दर्शाती है। इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'उसका दृढ़ संकल्प। उसका खेल। उसका गौरव। पेद्दी पहलवान उर्फ राम चरण को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' इसके साथ ही मेकर्स ने पेद्दी पहलवान की एक झलक भी साझा की है। इसमें राम चरण को अखाड़े में कुश्ती में हाथ आजमाते दिखाया गया है। छोटी सी वीडियो में राम चरण की गजब बॉडी नजर आती है। हाथ में मोगरी लिए राम चरण जमकर कसरत करते दिखते हैं और फिर वो अंत में भारी सी गदा लिए भी कसरत करते नजर आते हैं। इस वीडियो की शुरुआत में एक वॉइस ओवर कहता है, 'कुश्ती मतलब बल्ला पकड़कर गेंद का सामना करना नहीं, जान हथेली में लेकर मौत से लड़ना है।' इसके बाद राम चरण कई पहलवानों को कुश्ती में पटखनी देते नजर आते हैं। फिल्म की इस नई झलक ने फैंस में और भी उत्सुकता पैदा कर दी है। क्योंकि इससे पहले मेकर्स ने फिल्म की जो पहली झलक साझा की थी।

### भोजपुरी

# अदिवी की 'डकैत' के गाने में नजर आए भोजपुरी एक्टर पवन

भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह अपनी गायकी के लिए भी मशहूर हैं। बॉलीवुड फिल्मों के बाद अब साउथ फिल्म में उनकी आवाज का जादू चलेगा। फिल्म 'डकैत' से उनका गाना आज लॉन्च हो गया है। भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता पवन सिंह की सुरीली आवाज का जादू भोजपुरी के अलावा बॉलीवुड में भी चला है।



अब इसका विस्तार हो रहा है और अब साउथ तक उनकी आवाज गूंजने को तैयार है। दरअसल, आदिवि शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत फिल्म 'डकैत' में उन्होंने गाना गाया है। फिल्म से उनका 'टच बडी' गाना आज गोरखपुर में भव्य स्तर पर लॉन्च पावर स्टार पवन सिंह आज 'डकैत' का 'टच बडी' गाना लॉन्च करने के लिए गोरखपुर पहुंचे। शाम सात बजे गोरखपुर के महंत दिग्विजय नाथ पार्क में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां 'टच बडी' गाना लॉन्च किया गया। पवन सिंह के साथ-साथ क्वीन ऑफ द चार्ट्स कही जाने वाली जोनिटा गांधी ने भी इस गाने को अपनी खूबसूरत आवाज से सजाया है। फिल्म 'डकैत' का 'टच बडी' गाना यूं तो अदिवी शेष और जोनिटा पर फिल्माया गया है। अदिवी ने अपने डांस मूव्स से चार चांद लगा दिए हैं। मगर, इस गाने में पवन सिंह की झलक भी है और यह उनके फैंस के लिए स्पेशल ट्रीट है। गाने में पवन सिंह साउथ की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए हैं। मगर, गाने में वे भोजपुरी बोलते दिखे हैं। इस गाने में हिंदी, साउथ और पंजाबी का तड़का मिला है।

## लाइफ स्टाइल

### सागर किनारे



अगर आप सोच रहे हैं कि समंदर के किनारे के फैशन में क्या खास है तो आप को ₹कोस्टल कूल ₹ का असल मतलब जानना होगा। दरअसल, इसे एस्थेटिक का ही एक नया रूप समझिए। घरों के सामने खिले नीले हाइड्रेंजिया फूलों की शांत सुंदरता और समुद्र किनारे रहने का सुकून भरा अंदाज़ इस फैशन से समझ सकते हैं।इसे यह ज़्यादा मॉडर्न और अपना-सा समझना होगा, हाँ, यह हमेशा नया और ताज़ा रहता है।

# तेजी से सफेद हो रहे हैं बाल तो इन बातों का रखें ध्यान

आज के समय में लाइफस्टाइल इतनी बिगड़ गई है कि उसका असर सीधा लोगों के बालों पर पड़ रहा है। इसी के चलते कम उम्र में ही ज्यादातर लोगों के बाल सफेद होने लगते हैं। यदि आप भी इस परेशानी से जूझ रहे हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है।

यदि बाल सफेद हो रहे हैं तो आप बस कुछ बातों का ध्यान रखकर इन्हें रोक सकते हैं। हालांकि ये जरूरी नहीं है कि इन बातों को ध्यान में रखकर आपके बाल सफेद होने से रुक ही जाएं, लेकिन आप एक बार ट्राई करके तो देख ही सकते हैं। इस लेख में हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं कि जिन लोगों के बाल सफेद हो रहे हैं, उनको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



### धूप से रखें बचाकर

यदि आपके बाल बेहद कम उम्र में ही सफेद होने लगे हैं, तो उन्हें धूप से बचाकर रखें। यदि आप अपने बालों को धूप की हानिकारक किरणों में खुला रखेंगे तो उससे बालों पर और भी ज्यादा खराब असर पड़ेगा। यदि आप नहीं चाहते कि आपके पूरे बाल सफेद हो जाएं तो धूप में जाते समय बालों को कवर कर लें।

### घरेलू नुस्खे अपनाएं

कम उम्र मे कभी भी बाजार में मिलने वाले रंगों का इस्तेमाल अपने बालों पर नहीं करें। ऐसा करने से आपके बाल और भी ज्यादा सफेद हो जाएंगे। ध्यान रखें कि इस समय आपको जितना हो सके उतना घरेलू नुस्खों को ही इस्तेमाल करना है। घरेलू नुस्खे भी पैच टेस्ट के बाद भी इस्तेमाल करें, क्योंकि कई बार इससे भी परेशानी बढ़ जाती है।

### स्टाइलिंग टूल्स से रहें दूर

आजकल के समय में तो हर कोई अपने बालों को स्टाइल करने के लिए बाजार में मिलने वाले स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करता है। ऐसे में यदि आप सफेद बालों पर ज्यादा स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपकी परेशानी और ज्यादा बढ़ सकती है। इसलिए जितना हो सकते इनसे दूर ही रहें। अगर इस्तेमाल करना ही है तो हेयर प्रोटेक्टर का इस्तेमाल अवश्य करें।

स्कैल्प को पोषण देना है जरूरी

यदि आप बालों की जड़ों को मजबूत रखेंगे तो आपके बाल न सिर्फ मजबूत बनेंगे बल्कि इसकी वजह से बालों का कालापन भी बरकरार रहेगा। कई बार बाल जड़ों से सफेद सिर्फ इसलिए होते हैं, क्योंकि इन्हें सही पोषण नहीं मिल पाता है।


# स्टाइलिश और ग्रेसफुल लुक के लिए चुनें बेस्ट सूट डिजाइन्स

स्टाइलिश और रॉयल लुक पाने के लिए आपको अपने आउटफिट पर खास ध्यान देना चाहिए। यदि आप एथनिक लुक में ग्रेसफुल और एलिगेंट दिखना चाहती हैं, तो लेटेस्ट डिजाइन्स वाले सूट्स एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। यहा कुछ ट्रेंडिंग और रॉयल लुक देने वाले सूट डिज़ाइन्स दिए गए हैं, जिन्हें आप इस खास दिन पर ट्राई कर सकती हैं।



### अनारकली सूट

यदि आप ग्रैंड और क्लासिक लुक चाहती हैं तो अनारकली सूट परफेक्ट रहेगा। हैवी एम्ब्रॉयडरी या जरी वर्क वाले अनारकली सूट्स आपको शाही लुक देंगे। इसके साथ स्टेटमेंट झुमके और पंजाबी जूती पहनें।



### पेंट स्टाइल या स्ट्रेट कुर्ता सूट

यदि आप कुछ सिम्पल लेकिन एलिगेंट पहनना चाहती हैं तो स्ट्रेट कुर्ता सूट विद पैंट या चूड़ीदार परफेक्ट रहेगा। इसे चंदेरी, सिल्क या कॉटन फैब्रिक में चुनें और मिनिमल जूलरी के साथ स्टाइल करें।

### पाकिस्तानी स्टाइल सूट

यदि आपको लॉन्ग कुर्ता और स्टाइलिश दुपट्टा पसंद है तो पाकिस्तानी सूट एक अच्छा विकल्प होगा। चिकनकारी, गोटा-पट्टी या थ्रेड वर्क से सजे ये सूट बेहद रॉयल लगते हैं।



### केप स्टाइल सूट

यदि आप वेस्टर्न टच चाहती हैं तो केप स्टाइल कुर्ता या सूट ट्राई करें। यह आपको एक मॉडर्न और ग्रैंड लुक देगा। इसे स्टेटमेंट बेल्ट या हेवी दुपट्टे के साथ पेयर करें।

### बेल स्लीव और फ्लेयर्ड सूट

फ्लेयर्ड सूट्स और बेल स्लीव्स वाले कुर्ते आपको एक राजकुमारी जैसा लुक देंगे। इसे सिल्क, वेलवेट या जॉर्जेट फैब्रिक में चुनें और इसके साथ ऑक्सीडाइज्ड जूलरी पहनें।

# अपनी उम्र के हिसाब से खरीदें फेस सीरम, जानें किसको क्या सूट करेगा

य़दि आप फेस सीरम का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो इसे हमेशा अपने उम्र के हिसाब से ही खरीदें। हर उम्र के लोगों को अलग फेस सीरम इस्तेमाल करना चाहिए।

आज के समय में लोग अपने चेहरे की परेशानियों से काफी परेशान रहते हैं। इन्हीं परेशानियों को दूर करने के लिए तमाम चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हीं चीजों में फेस सीरम शामिल है। फेस सीरम का इस्तेमाल चेहरे की कई परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। वैसे तो इसके इस्तेमाल से चेहरे की कई परेशानियां दूर होती हैं, लेकिन यदि आप अपनी उम्र के हिसाब से फेस सीरम का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो इससे आपको काफी परेशानी हो सकती है। इसी के चलते हम यहां आपको बताएंगे कि किस उम्र के लोगों को किस तरह का फेस सीरम इस्तेमाल करना चाहिए।

### 18 से 25 साल तक के लोगों के लिए

यदि आपकी उम्र 18 से 25 के बीच है तो आपको ज्यादा हैवी तत्वों वाले सीरम की जरूरत नहीं है। इसके लिए ऐसा फेस सीरम इस्तेमाल करें, जिसमें हाइलुरोनिक एसिड, ग्लिसरीन पाया जाता है। इसके



अलावा यदि आपके चेहरे पर टैनिंग है तो ऐसा सीरम इस्तेमाल करें, जिसमें विटामिन सी हो। वहीं यदि आप मुंहासे या ब्लैकहेड्स से परेशान हैं तो आपके लिए सैलिसिलिक एसिड से भरपूर सीरम अच्छा रहेगा।

### 26-35 साल तक के लोगों के लिए

इस उम्र में त्वचा में काफी बदलाव आने लगता है। ऐसे में आपको अपनी त्वचा का ध्यान काफी ज्यादा रखने की जरूरत है। आपको ऐसे सीरम का इस्तेमाल करना चाहिए, जिसमें विटामिन सी और ई होना चाहिए। ये तत्व त्वचा के दाग-धब्बों को कम करने में मदद करते हैं।

# सनस्क्रीन में पैसा नहीं लगाना है तो इस्तेमाल करें ये चीजें, धूप से बची रहेगी त्वचा

अप्रैल का महीना शुरू हो चुका है और धूप इस कदर तेज हो गई है, मानों जैसे जून का महीना चल रहा है। ऐसे में हर कोई घर से बाहर निकलने से पहले खुद को कवर कर रहा है। यदि धूप से त्वचा को नहीं बचाया गया तो सनबर्न और टैनिंग का खतरा रहता है। इसी वजह से हर कोई घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करता है।

एक अच्छी सनस्क्रीन काफी महंगी आती है, ऐसे में आप चाहें तो कुछ घरेलू चीजें इस्तेमाल करके भी अपनी त्वचा का बचाव कर सकते हैं। यहां हम आपको सनस्क्रीन के कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं, ताकि आपकी त्वचा धूप से बची रहे। इन चीजों का इस्तेमाल करते समय बस ध्यान रखें कि ये चीजें हल्की धूप में ही काम करती हैं।

### नारियल का तेल

यदि आप नारियल के तेल का इस्तेमाल अपनी त्वचा पर नियमित रूप से करेंगे तो इससे भी आपकी त्वचा धूप की किरणों से बची रहेगी। ये एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर भी है, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि



नारियल का तेल हमेशा कम धूप में ही काम करता है। लेकिन यदि आप ज्यादा तेज धूप में इसका इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपको फर्क अवश्य दिखाई देगा।

### एलोवेरा जेल

धूप की हानिकारक किरणों से आपकी त्वचा को बचाने में एलोवेरा जेल आपकी मदद करेगा। ये सबसे आसान विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सिर्फ ताजे एलोवेरा जेल को अपनी त्वचा पर अच्छी तरह से लगाना है। इसे लगाकर आप घर के बाहर भी जा सकते हैं। इससे आपकी त्वचा पर एक पतली लेयर बन जाएगी जो आपकी त्वचा को बचाकर रखेगी।

## कार्नर न्यूज

आंखें दिखेगी बोल्ड और खूबसूरत, खास टिप्स आपको देंगे सेलिब्रिटी जैसा स्मोकी आई

# आंखें दिखेगी बोल्ड और खूबसूरत, खास टिप्स आपको देंगे सेलिब्रिटी जैसा स्मोकी आई लुक

अपने चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए महिलाएं मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में अब आप अपनी आंखों को खूबसूरत दिखाने के लिए घर पर रहकर खास मेकअप कर सकती हैं। आइए मेकअप आर्टिस्ट से जानते हैं इसके बारे में। अधिकतर महिलाएं अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ कई चीजों का ध्यान रखती हैं। वे अपने चेहरे पर मेकअप के अलावा आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए भी कई तरह की कोशिश करती हैं। अगर आप भी अपनी आंखों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं और इसके लिए परफेक्ट आई मेकअप करना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको मेकअप आर्टिस्ट की मदद से कुछ आसान टिप्स बताएंगे, जो आपकी आंखों को खूबसूरत बनाने में मदद करेंगे।

आंखों को खूबसूरत बनाने के टिप्स मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटी एक्सपर्ट छाया, जिन्हें मेकअप का करीबन 7 साल से ज्यादा का



अनुभव है, उन्होंने बताया कि चेहरे को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए भी महिलाएं नकली आईलैशेज और लेंस का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन अब आप इन चीजों के बिना ही अपनी आंखों को अट्रैक्टिव और खूबसूरत बना सकती हैं।

### आई मेकअप के लिए आसान स्टेप्स

मेकअप आर्टिस्ट छाया ने आगे बताया कि आंखों का घर पर मेकअप करने के लिए आपको कुछ आसान स्टेप्स को फॉलो करना होगा। आइए जानते हैं इन स्टेप्स के बारे में, जिसे फॉलो कर आप आंखों के साथ साथ अपने चेहरे को भी खूबसूरत बना सकती हैं। सबसे पहले आप पीएसी पैलेट की मदद से अपनी आइब्रोज को फील करें। फील करते वक्त आप आइब्रो के खाली हिस्सों को भरें और इसे नैचुरल शेप दें।

अब आप ब्रांडेड कंसीलर को अपनी पलकों पर लगाएं। इससे आंखों के आसपास का कालापन कम होगा और आईशैडो का रंग भी खिलकर आएगा। कंसीलर को क्रीज होने से बचाने के लिए आप स्किन टाइप का कॉम्पैक्ट पाउडर लें और उसकी मदद से इसे हल्का सा सेट कर लें। अब किसी अच्छी ब्रांड का जेल लाइनर लें और इसे लैश लाइन के पास लगाएं।

लाइनर के सूखने से पहले आप एक ब्रश की मदद से इसे हल्का सा स्मज करें। ऐसा करने से आंखों को स्मोकी और सॉफ्ट लुक मिलता है। इसके बाद अपनी पसंद का कोई भी आईशैडो पैलेट लें और फिर पैलेट में से ब्राउन आईशैडो लें और उसे अपनी पूरी पलक पर लगाएं। एक सॉफ्ट ब्लेंडिंग ब्रश लें और ब्राउन शेड को अच्छे से मर्ज करें ताकि कोई भी तीखी लाइन न दिखे। अपनी ब्रो बोन यानी आइब्रो के ठीक नीचे वाले हिस्से पर थोड़ा सा हाइलाइटर लगाएं। इससे आंखें बड़ी और उठी हुई दिखती हैं। अब आंखों की निचली वाटरलाइन पर काजल लगाएं और उसे हल्का सा मर्ज करें। आखिर में दोबारा वही जेल लाइनर लें और उसे अपनी आंखों के अंदरूनी हिस्से पर लगाएं।

